26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 27 मई, 2026
अंक- 212 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- एसआईआर वैध

## यह चुनाव आयोग का अधिकार, इसकी प्रक्रिया में कोई खामी नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस साल की शुरुआत में लंबी सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था और आज यानी बुधवार को अपना फैसला सुनाया। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कराना चुनाव आयोग का अधिकार है। एसआईआर प्रक्रिया सांविधानिक है। पीठ ने कहा, चुनाव आयोग ने शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया। एसआईआर के दौरान नियमों के खिलाफ जाकर मतदाताओं के नाम नहीं काटे गए। याचिकाओं में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर अभियान की वैधता पर सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और उससे जुड़े नियमों के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों के तहत नहीं आती है। विवाद का मुख्य मुद्दा चुनाव आयोग की वह शर्त है, जिसके तहत जिन मतदाताओं का नाम 2002 या कुछ राज्यों में 2003 की मतदाता सूची में नहीं था, उन्हें ऐसे व्यक्ति से पारिवारिक संबंध साबित करना होगा, जिसका नाम उन सूचियों में दर्ज था।

## कर्नाटक में बिहार फॉर्मूला... पिता राज्यसभा जाएंगे, बेटे को मिलेगा मंत्री पद, शिवकुमार को कुर्सी

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस ने सिद्धारमैया की अगुवाई में जब सरकार बनाई, ढाई-ढाई साल सीएम के फॉर्मूले की चर्चा तब से ही रही है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी या सीएम सिद्धारमैया सार्वजनिक रूप से इसे लेकर कुछ बोलने से बचते रहे हैं। बोलने से बचते तो खुद डीके शिवकुमार भी रहे हैं, लेकिन कभी इसे खारिज भी नहीं किया। समय-समय पर कुर्सी की लड़ाई की तपिश बेंगलुरु से नई दिल्ली तक सरेआम महसूस की गई। सत्ता के नेतृत्व परिवर्तन की लंबी चली यह रार अब आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंचती नजर आ रही है, डीके शिवकुमार का इंतजार अब खत्म होने की ओर है।

सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद

RVIT leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.





B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234




खुशखबरी! खुशखबरी!
स्पेशल ईद ऑफर
Ravi Interiors™ A Complete House of Interior
WALLPAPER HUB
ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।
1. P.V.C. CEILING PANEL - 140/-
2. P.V.C. SUPER HEAVY - 170/-
3. U.V. ROLL 10x4 F.T. - 480/-
4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10” - 240/-
5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12” - 350
6. W.P.C. PANEL 17 M.M. - 340/-
7. U.V. SHEET 5D. - 2850/-
8. U.V. SHEET 3D. - 2350/-
9. U.V. SHEET DIGITAL - 2000/-
* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!
पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मो. 7341126925, 7341126926


सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद

SCHOLAR'S ACADEMY
IIT | MEDICAL | FOUNDATION
अब सपना होगा साकार, वो भी आपके अपने शहर बिजनौर में!
SELECTION नहीं तो फीस नहीं*
NOW IN BIJNOR





बच्चों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं, बेहतरीन शिक्षा अब आपके शहर में ही उपलब्ध!
ADMISSIONS OPEN
For Class 8th to 12th & 12th Pass
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
EXPERT FACULTY अनुभवी एवं बेहतरीन शिक्षक
PROVEN RESULTS लगातार बेहतरीन परिणाम
PERSONALIZED ATTENTION हर छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान
COMPLETE GUIDANCE संपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग
हमारे छात्रों की शानदार उपलब्धियाँ
99.9 PERCENTILE JEE (Mains) | 705/720 NEET | 96.2 PERCENTAGE 12th CLASS | 96.2 PERCENTAGE 10th CLASS | 96.8 PERCENTAGE 10th CLASS



SAHAJ DHAWAN | AYUSH KUMAR | VANSH | DIVIT GUPTA | DEVANSH
*नियम व शर्तें लागू
क्यों चुनें SCHOLAR'S ACADEMY?
IIT-JEE, NEET एवं FOUNDATION की सर्वश्रेष्ठ तैयारी
नियमित टेस्ट, डाउट सेशन एवं परफॉर्मेंस एनालिसिस
स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग और स्टडी मटेरियल
अनुशासित वातावरण एवं सकारात्मक मार्गदर्शन
छात्रों के सर्वांगीण विकास की हमारी प्रतिबद्धता
सफल भविष्य की ओर पहला कदम, आज ही उठाएं!
ENROLL NOW Strong Foundation, Bright Future
LIMITED SEATS! HURRY UP!
Scholar's Academy Near mittal petrolpump Bairaj road, Bijnor
9557999804 bijnor@scholarsacademy.co.in
scholarsacademy.co.in
9557999804
HEAD OFFICE : Paschim Vihar, Delhi

# गायत्री शक्तिपीठ पर सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान संपन्न



नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में गायत्री साधकों ने सामूहिक साधना के अंतर्गत सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान संपन्न किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि आत्मिक प्रगति के दो उच्च सोपान हैं-जप व ध्यान। विश्व का आध्यात्मिक नेतृत्व भारत करेगा। इस उत्तरदायित्व को वहन करने के लिए भारत के नागरिकों को अपनी आत्मा को जगाना होगा। जनमानस में भावनात्मक परिशोधन के लिए लोक मंगल के लिए, जन जागरण के लिए समर्पित लोक सेवियों को जप व ध्यान के माध्यम से अपने मन अंतःकरण को पवित्र करने में सहायता मिलती है। स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन वाले व्यक्तियों से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। रामायण में कहा है निर्मल मन सोहि जन मोहि भावा मोको छल कपट नहीं आवा। कबीरदास ने कहा है–कबीरा मन निर्मल भया जैसे गंगा नीर, पाछे–पाछे हरि फिरत है कहत कबीर–कबीर। कर्म फल का सिद्धान्त अटल है। जैसी करनी वैसी फल आज नहीं तो निश्चय कल। इस मौके पर विनोद चौहान, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, प्रभा राजपूत, सत्य प्रकाश, रोहिताश आदि ने सामूहिक जप किया।

## महिला ने मारपीट करने वाले ससुरालियों पर की कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम कोटकादर निवासी यासमीन पुत्री अनीस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में उसका उत्पीड़न करने वाले ससुराल व बुरी नजर रखने वाले ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया है कि 21 मई 2026 को उसके ससुर अख्तर, पति अशरफ, जेठानी फरजाना ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। अगले दिन पीड़िता का पति तीनों बच्चों के साथ पीड़िता को उसकी मां के घर छोड़कर यह धमकी देकर चला गया कि अगर कोई रिपोर्ट की तो वह उसे तलाक दे देगा, उसके परिवार वाले भी यही चाहते हैं। मारपीट से पीड़ित महिला के शरीर पर काफी चोटे आई है। वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना कोतवाली देहात अपने भाइयों के साथ गई मगर तहरीर लेने के बाजवूद पुलिस ने ना तो उसका मेडिकल कराया ना ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर उसकी रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# कुर्बानी सड़कों या खुले स्थानों पर ना करें, साफ-सफाई का रखे ध्यानः मुफ्ती मोहम्मद गुफरान

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित मस्जिद मकबरा नवाब नजीबुद्दौला के इमाम मुफ्ती मोहम्मद गुफरान ने मुस्लिम समाज के लोगों से ईदुल अजहा पर कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर ना करने तथा साफ–सफाई व सौहार्द का ध्यान रखने की अपील की है। मुफ्ती मोहम्मद गुफरान ने कहा कि ईद उल अज़हा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक है। मुस्लिम समुदाय से विशेष अपील करते हुए कहा कि ईद उल अजहा के त्योहार पर कुर्बानी सार्वजनिक स्थान, सड़कों या खुले स्थानों पर ना करते हुए केवल घरों के अंदर या निर्धारित स्थलों पर ही करें।कुर्बानी की तस्वीर व वीडियो आदि ना बनाएं और ना ही किसी प्रकार की कुर्बानी से संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करें। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक अमन और सुकून का मजहब है, हमारी जिम्मेदारी है कि अपने व्यवहार से इस बात को साबित करें ताकि किसी की भावनाएं आहत ना हों। उन्होंने कहा कि इस्लाम सभी धर्म के सम्मान की शिक्षा देता है और दूसरों की भावनाओं को आहत करने से रोकता है. इसलिए कुर्बानी का काम कानून के दायरे में रहते हुए इस तरीके से किया जाए, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द व सफाई बनी रहे। मुफ्ती गुफरान ने कहा कुर्बानी हमारा एक हम धार्मिक फर्ज है, जिसे हर सक्षम व्यक्ति को पूरा करना चाहिए कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है। कुर्बानी का सिलसिला इंसानी इतिहास में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम व उनके फरमांबरदार बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की यादगार से जुड़ा हुआ है। यह वह वाकया है जिसने पूरी इंसानियत को यह पैगाम दिया कि जब अल्लाह का हुक्म सामने हो तो बंदा अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान करने में पीछे न हटे। बहुत से लोग इसे महज रस्म, दिखावा या सामाजिक प्रतिष्ठा का माध्यम बना लेते हैं, जबकि इस्लाम में कुर्बानी की बुनियाद नीयत, तकवा और अल्लाह की रज़ा है।

**इस्लाम अमन व सुकून का मजहब है, किसी की भावनाएं आहत ना हों**

## नजीबाबाद ईदगाह पर नमाज सुबह सात बजे होगी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद के ग्राम रम्मनवाला स्थित ईदगाह पर ईदुल अज्हा की नमाज सुबह सात बजे होगी। मस्जिद मकबरा नवाब नजीबुद्दौला पर ईद की नमाज सुबह 5.40 बजे होगी। हिलाल वाली मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 6 बजे होगी। मस्जिद कोल्हू वाली में ईद की नमाज सुबह 5.40 बजे होगी। सैय्यदो वाली मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 5.40 बजे होगी।**

## सौहार्द के साथ मनायें ईदुल अज़हाः कश्यप

नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील के ग्राम सभाचंदपुर भरैकी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार राजकुमार कश्यप ने ईदुल अज्हा का त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारा व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। राजकुमार कश्यप, डॉ. यतेंद्र कुमार शर्मा, मौ. कासिम अली, हेमराज नन्दन, जितेंद्र सिंह रवि, अमित कश्यप, चौ. अंकित कुमार, राजन कश्यप, मोहसीन, चौधरी विदेशपाल ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईदुल अज्हा की मुबारकबाद देते हुए त्यौहार शांति के साथ मनाने की अपील की।

## गौवध का फरार आरोपी तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने गौवध निवारण अधिनियम के मुकदमे में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 8 मई 2026 को साहनपुर चौकी क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ियों में दो बोरों में मिले गौवंश के अवशेष के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। घटना के खुलासे में लगी टीम ने 10 मई को दो आरोपी अल्लू उर्फ अलीम व मौहम्मद याकूब को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। 15 मई को आरोपी मौहम्मद फुरकान ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी अनस पुत्र नसीम अहमद निवासी ग्राम भागूवाला को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के पकड़े जाने के बाद फरार हो गया था।**

## चोरी करने वाले कोटद्वार के तीन चोर गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला सेवाराम निवासी नितिन अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनकी दुकान का ताला तोड़कर चोर बीड़ी के बंडल, सिगरेट व गल्ले में रखी नकदी चोरी करके ले गये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरशान पुत्र स्व शरीफ अहमद निवासी स्टेडियम कालोनी कोटद्वार, राजेश शुक्ला पुत्र अजय शुक्ला निवासी लकड़ी पड़ाव कोटद्वार तथा मौ. आफताब पुत्र मौ. छिद्दू निवासी लकड़ी पड़ाव कोटद्वार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने पुल के नीचे दो दुकानों में ताले तोड़कर चोरी की बात बताई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की रकम व घटना में प्रयुक्त सरिया बरामद कर उनका चालान कर दिया।

## पुलिस ने चोरी के माल के साथ पकड़े आरोपी का किया चालान

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली पुलिस को नरेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी भागूवाला ने तहरीर दी थी कि उनके द्वारा अभियुक्त साहिल पुत्र अहसान निवासी ग्राम भागूवाला को उसके तथा पड़ोसी के घर चोरी किये गये 2 गैस सिलेंडर, केबिल के जले हुए तार एवं बोरिंग ट्यूबवैल का लोहे का ऊपरी हिस्सा चोरी करते हुए पकड़ लिया गया व मंडावली थाने लाकर सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी साहिल का चालान कर दिया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

जीआईसी बल्ली में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 225 ने कराई जांच (पेज 15)



# एक्शन में शुभेन्दु सरकार, बॉर्डर पर लगी वापस जाने वालों की कतार

## शुरू हुई निर्णायक कार्रवाई, अवैध बांग्लादेशियों की शामत आई

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत की सीमाओं पर लंबे समय से चल रही अवैध घुसपैठ के खिलाफ सरकार की लड़ाई अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। सरकार चरणबद्ध तरीके से इनके खिलाफ एक्शन ले रही है। पहले चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से संदिग्ध नामों की छंटनी की जा रही है। अब केंद्र सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सीमावर्ती जिलों में हो रहे डेमोग्राफिक बदलाव पर हाई लेवल कमेटी का गठन कर दिया है।

इस बीच पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की सरकार ने घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने हर जिले में बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़कर रखने के लिए होल्डिंग सेंटर को एक्टिवेट कर दिया है। सरकार के अनुसार मालदा और मुर्शिदाबाद में कुछ घुसपैठियों को पकड़कर रखा भी गया है।



बीजेपी लंबे समय से दावा करती रही है कि पश्चिम बंगाल और सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशियों की घुसपैठ हुई है। बीजेपी के अनुसार इसका असर स्थानीय जनसंख्या संरचना, जमीन, रोजगार और वोट बैंक की राजनीति पर पड़ा है। हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने सीमा पर फेंसिंग तेज की है, BSF की तैनाती बढ़ाई है और राज्य सरकारों से अवैध प्रवासियों की पहचान करने को कहा है। अब डेमोग्राफिक बदलावों की जांच के लिए प्रस्तावित कमेटी को इसी रणनीति का अगला चरण माना जा रहा है।

गृहमंत्री अमित शाह और पीएम मोदी बार-बार कहते हैं कि घुसपैठ से बॉर्डर राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल में अप्राकृतिक जनसंख्या परिवर्तन हो रहा है, जो रोजगार, सुरक्षा और स्थानीय संस्कृति को प्रभावित कर रहा है। बीजेपी इसे हिंदू-भारतीय पहचान की रक्षा और सीमा सुरक्षा के मुद्दे के रूप में प्राथमिकता देती है। इसके बाद पश्चिम बंगाल में मौजूद घुसपैठियों में हड़कंप मचा हुआ है। अब कथित तौर पर घुसपैठियों के कई जत्थे पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश बॉर्डर की ओर जा रहे हैं। उत्तरी 24 परगना और मालदा से आ रहे तस्वीरों से पता चलता है कि उत्तरी 24 परगना के बशीरहाट सब-डिवीजन में स्थित हकीमपुर चेकपॉइंट पर, मंगलवार सुबह सौ से ज्यादा बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं इकट्ठा हुए। ये सभी अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके वापस अपने देश लौटना चाहते थे। रिपोर्ट यह है कि इनमें से कई लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से रह रहे थे। विदेशी नागरिकों को देश से निकालने और उनके लिए होल्डिंग सेंटर बनाने के संबंध में सरकार की ताजा घोषणाओं के बाद वे चेकपॉइंट पर पहुंचे।

सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद
धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## सड़क हादसे में बहन की मौत, मुमेरा भाई गंभीर रूप से घायल

**नहटौर (चिंगारी)।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हल्दौर क्षेत्र के ग्राम खतापुर निवासी विशाल कुमार अपनी फुफेरी बहन संजना (18 वर्ष) पुत्री महेंद्र को उसके गांव बढ़ापुर से लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह नहटौर-कोतवाली रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजना की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई, जबकि विशाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घायल विशाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



मृतका का फाइल फोटो

## सूचना न मिलने से 9 विद्यार्थियों की परीक्षा छूटी

**किरतपुर (चिंगारी)।** रामा हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में अध्यनरत एमएसडब्ल्यू के फोर्थ सेमेस्टर के 9 छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित रह गये। अब इन छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन छात्रों ने चिंगारी को बताया कि कल उनका पेपर था, लेकिन कालेज की ओर से उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। कालेज की लापरवाही को लेकर छात्रों में रोष है। उधर, प्रधानाचार्य डा. डबलेश कुमार ने बताया कि जल्द ही दोबारा परीक्षा करायी जायेगी और संबंधित छात्रों से परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जायेगा।

# चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकना गंभीर अपराध है : जीआरपी प्रभारी सलीम

**झालू (चिंगारी)।** ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी खतरनाक घटनाओं को रोकने के लिए बिजनौर जीआरपी ने जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कानून और सुरक्षा के प्रति सचेत किया। यह अभियान 31मई 2026 तक चलाया जायेगा। अभियान के दौरान जीआरपी प्रभारी मौ. सलीम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकना केवल शरारत नहीं बल्कि गंभीर अपराध है। ऐसी घटनाओं में यदि किसी यात्री को चोट पहुंचती है तो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।

जीआरपी प्रभारी मौ. सलीम ने बताया कि कई बार कुछ लोग मजाक या शरारत में ट्रेन पर पत्थर फेंक देते हैं, लेकिन इसका परिणाम बेहद खतरनाक हो सकता है। पत्थर लगने से यात्रियों की जान भी जा सकती है तथा रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और जीआरपी ऐसी घटनाओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है और



लोगों को जागरूक करते हुए जीआरपी प्रभारी मो. सलीम।

दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में ग्राम जलालपुर छोईया तथा कस्बा झालू के मोहल्ला रामलीला में जागरूकता अभियान चलाया गया, जहां दर्जनों लोगों को एकत्र कर ट्रेन सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति रेलवे ट्रैक या चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकने जैसी हरकत करता दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस या जीआरपी को दें।

अभियान के दौरान जीआरपी टीम ने बच्चों और युवाओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि छोटी सी लापरवाही किसी परिवार के लिए बड़ी त्रासदी बन सकती है। लोगों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें और उन्हें ऐसी घटनाओं से दूर रहने की सीख दें। साथ ही आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए कहा गया ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

जीआरपी प्रभारी ने कहा कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों में कानून का भय पैदा करना नहीं बल्कि उन्हें सुरक्षा और जिम्मेदारी का एहसास कराना है। इस मौके पर जीआरपी प्रभारी मौ. सलीम के साथ हमराह सिपाही मुकेश कुमार, देवेंद्र कुमार, चीनू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

भली लगे
या बुरी ...

## धर्म की आड़ में अवैध कारोबार

धर्म का काम सिर्फ पूजा अर्चना ही नहीं, आध्यात्मिक सवालों में डूबना ही नहीं, देश और समाज के सामने मौजूद सवालों के उचित उत्तर देना भी होता है। दुर्भाग्य से अपनी प्रतिभा और प्रेरणा के लिए चर्चित अधिसंख्य भारतीय संत समाज आसाराम जैसे औसत संतों की सतही और नैतिक अनैतिक गतिविधियों पर खामोश रहा और आज भी है, जिससे न केवल धर्म की वास्तविक पहचान धूल-धूसरित हुई, अपितु उसकी महान ऊंचाइयां भी दांव पर लगती रही हैं। यह भी एक सच्चाई है कि धार्मिक संस्थाओं आदि को मिलने वाली आयकर आदि छूटों को प्राप्त करने के लिए एक बड़ा व्यापारी वर्ग ऐसे कथित संतों को आगे कर बड़े पैमाने पर वर्षों से कर चोरी आदि करता आ रहा है। ऐसी चर्चाओं की भी कमी नहीं है कि कथित संत धर्म के नाम पर विदेश भ्रमण के दौरान हवाला जैसी गैरकानूनी आर्थिक गतिविधियों में भी लिप्त हैं। ऐसी जानकारियां भी हैं, कि कई संत धर्म के नाम पर की जाने वाली कमाई को अपने कथित शिष्यों के द्वारा प्रॉपर्टी और रियल स्टेट जैसे कार्यों में लगाकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। कुछ कथित संतों ने तो पैसा ब्याज पर भी चला रखा है। जो हो, जिस तरह से ऐसे संत रातोंरात सैकड़ों करोड़ में खेलते दिखते हैं, उसकी भी जांच करायी जानी चाहिए। यौन अपराध तो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक सीमित है, परन्तु ऐसे आर्थिक अपराध तो देश की ही नींव खोखली कर रहे हैं और इनको भी यौन अपराधों से कम गंभीर नहीं मानना चाहिए। जब धर्म के नाम पर ऐसा हो रहा हो तो यह समझना कठिन नहीं है कि अपराध कितना गम्भीर है और हम किस तरह अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक ऊंचाइयों को दांव पर लगा रहे हैं। जाहिर है कि ऐसे कथित संतों/कथावाचकों की पृष्ठभूमि की ईमानदारी से जांच हो, अपितु धर्म की आड़ में यदि अन्य आर्थिक अपराध भी किये जा रहे हों तो उनका भी खुलासा किया जाना चाहिए।

# ईद-उल-अज़हा का पैगाम : क़ुर्बानी के साथ सामाजिक ज़िम्मेदारी भी ज़रूरी

ईद-उल-अज़हा केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, ईमान और इंसानियत का महान संदेश है। कुर्बानी की परंपरा हज़रत इब्राहीम और हज़रत इस्माईल, अलैहिस्सलाम की उस अज़ीम यादगार से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने अल्लाह के हुक्म के आगे अपनी सबसे प्यारी चीज़ तक कुर्बान करने का जज़्बा पेश किया।

हदीस के मुताबिक, सहाबा-ए-किराम ने जब अल्लाह के रसूल हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से कुर्बानी के बारे में पूछा, तो आपने फ़रमाया, 'यह तुम्हारे बाबा जान इब्राहीम और इस्माईल (अलै.) की यादगार है।'

सहाबा ने पूछा, 'इसमें हमारे लिए क्या फ़ायदा है'?

आपने इरशाद फ़रमाया, 'कुर्बानी के जानवर के हर बाल के बदले एक नेकी मिलती है।'

जब ऊन वाले जानवरों के बारे में पूछा गया, तो आपने फ़रमाया, 'ऊन के हर रेशे के बदले भी एक नेकी है।'

इंसानियत की तारीख़ में त्याग और कुर्बानी की ऐसी मिसाल शायद ही कहीं और मिलती हो। एक बूढ़े बाप, हज़रत इब्राहीम (अलै.) को, जिनको बरसों की दुआओं के बाद हज़रत इस्माईल, अलै. जैसा बेटा मिला, अल्लाह ने बहुत बड़े इम्तेहान में डाला। हुक्म हुआ कि अपनी सबसे प्यारी चीज़ अल्लाह की राह में कुर्बान कर दो।

हज़रत इब्राहीम, अलै. अपने बेटे को लेकर मिना की ओर चल पड़े। शैतान ने रास्ते में हज़रत हाजरा, हज़रत इब्राहीम और हज़रत इस्माईल, अलै. तीनों को बहकाने और इस कुर्बानी से रोकने की भरपूर कोशिश की, लेकिन वे अल्लाह के हुक्म पर डटे रहे।

जब हज़रत इब्राहीम, अलै. ने अपने बेटे को कुर्बान करने के लिए लिटाया, तब हज़रत इस्माईल (अलै.)ने बड़े सब्र और अदब से कहाए 'अब्बा जान! छुरी को अच्छी तरह से तेज़ कर लीजिए, कपड़े समेट लीजिए ताकि मेरे खून के छींटें आप पर न पड़ें और मेरी मां मेरी जुदाई में और ग़मगीन न हो। मेरे हाथ-पांव मज़बूती से बांध दीजिए और अपनी आंखों पर पट्टी बांध लीजिए, कहीं ऐसा न हो कि मुझे तड़पता देखकर आपका इरादा बदल जाए। अल्लाह ने जो हुक्म दिया है, उसे पूरा कीजिए। इंशाअल्लाह, आप मुझे सब्र करने वालों में पाएंगे।

जैसे ही हज़रत इब्राहीम,अलै. ने छुरी चलाई, अल्लाह की तरफ़ से आवाज़ आई, 'ऐ इब्राहीम! तुमने अपना ख़्वाब सच कर दिखाया। तुम इस इम्तेहान में कामयाब हो गए।'


(सूरह साफ़्फ़ात, आयत 99 से 111)

आज ज़रूरत इस बात की है कि मुस्लिम समाज कुर्बानी की असल रूह को समझे। कुछ लोग कुर्बानी न करके उसकी रकम दूसरी जगह खर्च कर देते हैं, जबकि हदीस में साफ़ तौर पर आया है कि इन दिनों में अल्लाह को कुर्बानी से बढ़कर कोई अमल पसंद नहीं।

**इसलिए जिन लोगों पर क़ुर्बानी वाजिब है, उन्हें हर हाल में क़ुर्बानी करनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति करोड़ों रुपये सदका कर दे, लेकिन वाजिब क़ुर्बानी न करे, तो वह अपनी ज़िम्मेदारी से बरी नहीं हो सकता।**

हमारा प्यारा मुल्क भारत गंगा-जमुनी तहज़ीब और साझा विरासत की खूबसूरत मिसाल है, जहां हर धर्म और संस्कृति के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। ऐसे में हर मुसलमान की यह ज़िम्मेदारी है कि कुर्बानी करते समय सामाजिक सौहार्द और पड़ोसियों की भावनाओं का पूरा ख़याल रखे।

ईदगाह कमेटी की ओर से अपील की जाती है कि कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष और गैर-इस्तेमाल चीज़ों को आबादी से बाहर नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही दफ़न किया जाए। खून को नालियों में न बहाया जाए, बल्कि गड्ढा खोदकर दफ़न किया जाए। सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और खुले इलाक़ों में हरगिज़ कुर्बानी न करें। अपने घरों, चहारदीवारी वाले अहातों या बंद स्थानों में ही कुर्बानी करें। गोश्त लाने ले जाने में भी एहतियात बरतें और उसे अच्छी तरह ढककर व पैक करके ही ले जाएं।



याद रखना चाहिए कि छोटी-सी लापरवाही सामाजिक भाईचारे को नुकसान पहुंचा सकती है। इस मौके पर पैगंबर-ए-इस्लाम का यह संदेश हमेशा याद रखना चाहिए कि वह व्यक्ति सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता, जिसके कारण उसका पड़ोसी तकलीफ़ में रहे। पड़ोसी किसी भी धर्म या समुदाय का हो सकता है। अंत में दुआ है कि अल्लाह पाक हमारी कुरबानी को कुबूल फरामाये। आमीन

**अरशद महमूद कासमी**
**अब्दुल गफ्फार, अब्दुल गनी**
**ख़ादिम, ईदगाह कमेटी, शहर बिजनौर**

# ईद-उल-अज़हा : क़ुर्बानी और हज का फ़लसफ़ा

आज चांद की 9 तारीख है, कल 10 तारीख होगी। सब मुसलमान ईद उल अज़्हा (बकरीद) की नमाज़ पढ़कर जिनके ऊपर कुर्बानी फ़र्ज़ है, वो अपनी कुर्बानी करेंगे, जानवर को अल्लाह की रज़ा के लिए ज़िबाह करेंगे। कुर्बानी क्या है, ये एक नबी हज़रत इब्राहीम अ.सलाम जिनका नाम था, जो आज से 4186 साल पहले इराक़ में पैदा हुए, अल्लाह ने जिनको अपना दोस्त कहा और इम्तिहान भी बहुत लिए ये उनकी सुन्नत और तरीक़ा है, उनकी याद है। उनकी बुढ़ापे तक कोई औलाद नहीं थी। अल्लाह से दुआ की अल्लाह ने बुढ़ापे में उम्र 86 साल, बीवी की उम्र 55 साल में एक बेटा दिया, जिसका नाम इस्माईल रखा गया। इनकी औलाद से ही हमारे प्यारे नबी स.अ.वसल्लम हैं।

ये अभी माँ का दुध ही पी रहे थे। अल्लाह ने हुक्म दिया के एक जंगल चटयल मैदान में इनकी माँ के साथ इनको छोड़ आओ, अल्लाह का ये भी हुक्म पूरा किया।

ज़म-ज़म के कुंए से पानी भी उनके लिए अल्लाह ने उस पथरीली जगह से निकाला। ये चटयल मैदान जंगल जगह वही है, जहां पर आज खाना काबा मक्का शहर आबाद है और जब इनकी उम्र 13 साल की हुई तो ख्वाब सपने में 3 बार देखा के वो अपने बेटे को ज़िबह कुर्बान कर रहे हैं। उन्होंने अल्लाह का ये हुक्म समझते हुए इसको करना चाहा, अपने इकलोटे बेटे से इजाज़त के लिए कहा वो भी नबी के बेटे थे। अल्लाह का हुक्म समझते हुए राज़ी हो गये और कुर्बान करने के लिए मीना एक जगह है, वहां पहुंचे और गर्दन पर छुरी चलाई, अल्लाह ने हुक्म दिया छुरी को एक बाल भी न काटना, अल्लाह की तरफ से आवाज़ आयी ऐ इब्राहीम तुमने ख्वाब सच कर दिखाया और जन्नत से जिबराई नामी फरिशते एक मेंढा भेड़ लाये, उसको कुर्बान किया। अल्लाह को कुर्बानी का न गोश्त न खून पहुंचता है, दिल हाल तक़्वा पहुंचता है (कुरान) सबका मालिक एक अल्लाह है मालिक का हुक्म है के कुर्बानी करो इसलिए उसके हुक्म पर अमल करने के लिए ये कुर्बानी की जाती है। जानवर पर बेरहमी नहीं है। सिर्फ उन्हीं जानवरों की कुर्बानी करें, जिन पर हुकूमत की तरफ से कोई कानूनी पाबंदी नहीं है, कानून के खिलाफ हरगिज़ कोई काम न करें। कुर्बानी सड़क पर या आम रास्ते पर न करें, घर के अंदर करें या फिर घर में जगह न हो तो मजबूरन पर्दा लगाकर करें। कुर्बानी का खून पानी डालकर नालियों में न बहायें, जिबह करने से पहले गड्ढा खोदकर उसमें गिराएं, फिर कर दें। जानवर को जिबह करते वक़्त वीडियो न बनायें, ये तमाशा बनाना शरई और कानूनी तौर पर गलत है और फितना फसाद का जरिया भी बनता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से करें, एक रिश्तेदार पड़ोसी, दोस्तों के लिए व तीसरा अपने लिए।

**हज क्या है-** ये खास दिनों मे खास नियत के साथ मक्का जाकर खाना काबा की ज़ियारत करना तवाफ 7 चक्कर लगाना आदि

हज ज़िल हिज्जा के महीने की 9 तारीख से हज शुरू होता है। अरफ़ात का मैदान में जमा होकर 5 दिनों में खाना काबा के 7 चक्कर कुर्बानी आदि करने से हज होता है। जब से दुनिया बनी है, जब से हज हो रहा। इंसानों में सबसे पहला हज सबसे पहले इंसान जो सबके अब्बा हैं। हज़रत आदम अ.सलाम इन्होंने 7655 साल पहले हज किया। इनसे 2000 हज़ार साल पहले जिन्न रहते थे। उन्होंने ने भी हज किया। उनसे पहले अल्लाह के फरिशतों ने भी हज किया, आज तक हो रहा है और क़यामत तक होता रहेगा।

**मुफ्ती अब्दुल्लाह जामिई**
इमाम मदीना जामा मस्जिद हल्दौर (बिजनौर)



# भाई की शादी की खुशियां मातम में बदलीं, सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

### बहनोई को लेने निकला था समीर, अज्ञात वाहन की टक्कर ने छीन ली जिंदगी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** खुशियों से भरे जिस घर में अगले महीने होने वाली शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। ग्राम अलाउद्दीनपुर उर्फ जंदरपुर निवासी 22 वर्षीय समीर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि समीर पुत्र रमजानी अपने बड़े भाई की जून माह में होने वाली शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। मंगलवार की देर शाम वह अपने बहनोई को लेने बाइक से बिजनौर जा रहा था। जैसे ही वह बिजनौर-मंडावर रोड स्थित जंदरपुर में नसीम की बेकरी के सामने पहुंचा, तभी सामने से आए एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि समीर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। उधर, हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में शादी की तैयारियों को लेकर रौनक थी, वहां चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। पोस्टमार्टम के बाद जब समीर का शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जुहर की नमाज के बाद समीर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उसके जनाज़े में गांव और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नम आंखों से उसे अंतिम विदाई दी। पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि हादसे को अंजाम देने वाले वाहन और चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने किया शीतल जल के शिविर का शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन शाखा स्टेशन रोड द्वारा शीतल शर्बत एवं जल वितरण शिविर का अध्यक्ष पंकज वर्मा के प्रतिष्ठान पर आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तपती गर्मी के मौसम में जल ही जीवन है। पंकज वर्मा द्वारा राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य का कार्य किया है। इस मौके पर जिला महासचिव रईस कुरैश, विश्वास द्विवेदी, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, सिताब खान, शेर अली, दीपांशु वर्मा, मोहम्मद दानिश, धीरज झा, शेख साकिब, दिवाकर बजाज, मोहम्मद कमर, फरहत, मोहम्मद शकील, शारिक खान, नवाब गुड्डू, मोहम्मद अय्यूब, परवेज अली आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष पंकज वर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत कर धन्यवाद दिया।



## आसपा के भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ने का ऐलान



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला हवेलीतला में आयोजित जनसभा में लोगों ने साहनपुर के चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी का प्यार मौहब्बत के साथ फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ाने का ऐलान करते हुए कहा कि नजीबाबाद में अब बदलाव की जरूरत है, क्षेत्र की जनता एक नई सोच व नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना चाहती है। बैठक का संचालन आरिफ ने किया। इस मौके पर सादिक, फहीम, जीशान, ताबिश, राशिद, सोनू सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## मोनू कश्यप के हत्यारों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए: मुनव्वर अली

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने जनपद शामली के ग्राम जसाला में हुए चर्चित मोनू कश्यप हत्याकांड पर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जल्द परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। मुनव्वर अली ने कहा कि मोनू कश्यप के परिवार को न्याय मिलना चाहिए व समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ हर स्तर पर खड़ी है। मोनू कश्यप परिवार का सहारा था। जिस निर्दयता से उस की हत्या की गई है वो निंदनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस प्रकार मृतक मोनू कश्यप के परिवार को दो लाख की आर्थिक मदद, न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है वो प्रशंसनीय है। इस मामले में वह कैराना सांसद इकरार हसन को मुबारकबाद देते है कि इकरा हसन इस मामले को लेकर सहारनपुर में डीआईजी अभिषेक सिंह से मिलने पहुंची थीं, जहां डीआईजी दफ्तर पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था।**


## मोदी सरकार ने महंगाई को बेकाबू कर दिया: खुर्शीद मंसूरी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल 100 रुपये के पार पहुंच चुका है। पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ाकर लगातार आम जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। मोदी सरकार ने महंगाई को ऐसा बेकाबू कर दिया है कि गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी व मध्यम वर्ग हर कोई परेशान है। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने सिर्फ वाहनों का खर्च नहीं बढ़ाया, बल्कि खाने-पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा की हर जरूरत को महंगा कर दिया है। जनता राहत मांग रही है, सरकार सिर्फ भाषणों व झूठे प्रचार में व्यस्त है। आज देश का हर परिवार पूछ रहा है, आखिर कब तक जनता महंगाई की मार सहती रहेगी?

# मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों का 'महाभारत'!

## बिजनौर में 30 हजार से अधिक वोट प्रभावित होने का दावा, एक युवती के नाम पर चार-चार वोट मिलने से हड़कंप मचा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा चुनाव की आहट तेज होते ही राजनीतिक दलों ने चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है, लेकिन इस बार चुनावी समीकरणों से पहले मतदाता सूचियों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के बाद जारी नई मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोप सामने आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेताओं का दावा है कि प्रदेशभर में तीन लाख से अधिक वोट इन त्रुटियों से प्रभावित हुए हैं, जबकि अकेले बिजनौर जनपद में 30 हजार से अधिक मतदाताओं के नामों में गड़बड़ी होने की आशंका जताई जा रही है।



नई मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे संभावित प्रत्याशी अब बूथ स्तर तक वोटरों का गणित खंगालने में जुट गए हैं। राजनीतिक दलों के रणनीतिकार एक-एक वोट का जातीय और सामुदायिक आधार पर विश्लेषण कर रहे हैं। कई प्रत्याशी अपनी विधानसभा क्षेत्रों में जातिवार और समुदायवार मतदाता सूचियां तैयार कराने में लगे हैं, ताकि चुनावी हवा का सटीक अनुमान लगाया जा सके।

इसी गहन समीक्षा के दौरान कई चौकाने वाले मामले सामने आने का दावा किया जा रहा है। विपक्ष के एक संभावित प्रत्याशी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिजनौर शहर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में एक युवती का नाम चार जगह दर्ज मिला। यानी एक ही मतदाता के चार वोट हैं। इस खुलासे के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

प्रत्याशी का कहना है कि यह सिर्फ एक उदाहरण है। मतदाता सूचियों में और भी कई तरह की त्रुटियां हैं। कुछ पात्र मतदाताओं के नाम सारे ज़रूरी कागज़ात उपलब्ध कराने के बावजूद मतदाता सूची से गायब बताए जा रहे हैं। कहीं पते गलत हैं तो कहीं मतदाता दूसरे वार्ड या बूथ में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। इन गड़बड़ियों को लेकर राजनीतिक दल अब चुनाव आयोग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी नेताओं का आरोप है कि मतदाता सूचियों में हुई ये त्रुटियां चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि वे जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर विस्तृत शिकायत सौंपेंगे और सभी गड़बड़ियों को ठीक कराने की मांग करेंगे। उधर प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि किसी मतदाता को सूची में त्रुटि दिखाई दी थी तो दिये गये समय में निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई? हालांकि राजनीतिक दलों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में सामने आ रही विसंगतियां केवल सामान्य तकनीकी भूल नहीं हो सकती। विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों को लेकर शुरू हुआ यह विवाद आने वाले दिनों में और गरमा सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी जंग से पहले अब वोटर लिस्ट की लड़ाई भी बड़ा मुद्दा।



# बिजली की कटौती ने छीना सुख-चैन, अधिकारियों से मिले विवेक सेन

**धामपुर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और विभागीय कार्यशैली से नाराज सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि विवेक सेन ने सोमवार को विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की और समस्या के तत्काल समाधान की मांग की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आगामी ईद पर्व के दौरान बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



सोमवार को सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन अपने समर्थकों के साथ विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधीक्षण अभियंता (एसई) सतीश कुमार से मुलाकात कर बिजली अव्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आम जनता पहले से ही गर्मी से बेहाल है, ऐसे में लगातार बिजली की ट्रिपिंग और अघोषित कटौती ने लोगों का जीवन और अधिक मुश्किल बना दिया है। विवेक सेन ने कहा कि ईद-उल-अजहा को लेकर मुस्लिम समुदाय में तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना बिजली विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यदि बिजली कटौती की गई तो जनता में भारी नाराजगी उत्पन्न होगी।

## “ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे

**विवेक सेन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, ट्रिपिंग की समस्या समाप्त नहीं हुई और उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ तो आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेंगे। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सांसद प्रतिनिधि को समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिलाया।**

उन्होंने क्षेत्र के बुनकरों की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि धामपुर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बुनकर कार्यरत हैं, जिनका रोजगार बिजली पर निर्भर है। लगातार ट्रिपिंग और कटौती के कारण उनके कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सांसद प्रतिनिधि ने विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उपभोक्ता बिजली संबंधी समस्याओं की जानकारी लेने के लिए अधिकारियों या कर्मचारियों को फोन करते हैं तो कई बार फोन उठाया तक नहीं जाता। यदि फोन रिसीव किया भी जाता है तो उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता।

# पानी को व्यर्थ न बहाना, वरना लग जाएगा जुर्माना

## नगर पालिका परिषद ने दी चेतावनी

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह व अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि जल अमूल्य है इसलिए इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए।



प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा की वर्तमान में भीषण ऋतु में यदि कोई भी व्यक्ति अथवा प्रतिष्ठान स्वामी पालिका की टंकी अथवा समरसेबल से पानी व्यर्थ बहाता हुआ पकड़ा जाता है तो पालिका द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए 500 से लेकर 5000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा पानी को व्यर्थ बहाते हुए कि वीडियो बनाकर पालिका को भेजी जाती है तो वीडियो भेजने वाले व्यक्ति को उचित इनाम प्रोत्साहन के तौर पर पालिका की ओर से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने नगर क्षेत्र धामपुर की जनता से अपील की है कि कोई भी भवन स्वामी, प्रतिष्ठान स्वामी एवं ठेला चालकों के द्वारा सड़क पर कूड़ा न डाला जाए कूड़े को कूड़े वाली गाड़ी वाले को ही दें। सड़क पर कूड़ा डालते हुए पाए जाने पर भी नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जाए।

# ईदुल अज़हा पर रखें गाइडलाइन का ध्यान

**बिजनौर (चिंगारी)।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने ईद उल अज़हा की मुबारकबाद देते हुए मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि जिन जानवरों की और जिन चीजों की सरकार ने गाइड लाइन जारी की है, उसे फॉलो करें, इससे कुर्बानी भी सुकुन से होगी। और इबादत भी ठीक से होगी।



उन्होंने सरकार और प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए कहा कि वो भी असामाजिक तत्वों पर नज़र रखें और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर इस का वध रोकें। बीफ एक्सपोर्ट पर पूरा प्रतिबन्ध लगाएं। गाय प्यार और सम्मान करने के लिए है, वध करने के लिए नहीं।

# ट्रांसफार्मर की लीड में आग लगने से विद्युतापूर्ति प्रभावित

**धामपुर (चिंगारी)।** बीती रात ओवरलोड के कारण कालागढ़ मार्ग स्थित नैनीताल बैंक के पास रखे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर की लीड में आग लगने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। राजेश राजपूत अवर अभियंता विद्युत विभाग धामपुर ने बताया कि बीती रात कालागढ़ मार्ग पर नैनीताल बैंक के पास रखे हुए ट्रांसफार्मर की लीड में आग लगने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने रात में ही लीड को ठीक करके बिजली सप्लाई शुरू कर दी। ऐसे में प्रचंड गर्मी से परेशान लोगों ने विद्युत सप्लाई शुरू होने पर राहत की सांस ली।



ट्रांसफार्मर की लीड में आग लगने से विद्युतापूर्ति प्रभावित।

# ब्लॉक के गेट पर शिविर लगाया, आने वालों को ठंडा शर्बत पिलाया



**धामपुर (चिंगारी)।** ब्लॉक के मुख्य द्वार पर भीषण गर्मी के बीच माह के बड़े मंगलवार को ब्लॉक में आने वालों व राहगीरों को गर्मी से राहत मिले, इस उद्देश्य से ठंडा शर्बत पिलाया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस भीषण गर्मी में ठंडा शर्बत पिलाकर लोगों को राहत देने से बड़ा पुण्य मिलता है। इसलिए सबको गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत पिलाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, बीडीओ त्रिलोक चन्द, सचिव विनीत कुमार, नसीम अहमद, हिमांशु कुमार, अंकुश कुमार, अमित कुमार, विवेक कुमार, अभिषेक, ओमपाल, पंकज, वैभव, रविंद्र आदि ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हंगामा लोक समिति ने किया त्रिदिवसीय समर कैम्प का आयोजन

## बच्चों को नि:शुल्क सिखाये डांस, सिलाई, पेंटिंग, कढ़ाई

**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति द्वारा बच्चों के लिए तीन दिन का नि:शुल्क समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल द्वारा फीता काटकर व शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। समिति की संस्थापिका राखी कौशिक-उपासना कौशिक ने बताया कि उनकी समिति द्वारा बच्चो को नि:शुल्क डांस कोरियोग्राफर गौरव चन्द्रा, ढोलक व रचनात्मक गतिविधियां राखी कौशिक, सिलाई शीतल शर्मा, ममता चौहान, पेंटिग सुषमा रस्तौगी द्वारा तथा डॉ. राज मोहन विश्वास द्वारा योग शिक्षा,मेहंदी इरम अंसारी द्वारा कढ़ाई व खेल गतिविधियां उपासना कौशिक, वेस्ट मेटीरियल से उपयोगी वस्तु का निर्माण अंशु दीक्षित, कंप्यूटर शिक्षा सम्बंधी जानकारी रवि चौहान, ड्राइंग गम्भीर सिंह द्वारा सिखायी गयी। तीन दिवसीय समर कैम्प में सार्थक रस्तौगी, देवेशी अग्रवाल, वृन्दा अग्रवाल, दिव्यांश



गुप्ता, भूमि, हिमांशी, कार्तिक, सन्ध्या सैनी, लक्ष्य सैनी, राज सैनी, दक्ष, भावना, रोहित, दिव्या, भूमि, रुद्रा, सचिन, आदित्य, मानस, अंश, पारस, संजना, रोहिनी, परी, मानवी, प्रियांशु, वंश, विशाखा शर्मा, नैना, सोना, तुषार, आरुषि, सुहानी, रितिका, गौरव शर्मा, कार्तिक शर्मा, सान्वी गुप्ता, आरव गुप्ता, खुशी गुप्ता, देवांश आदि बच्चों को मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल द्वारा सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

समिति की संस्थापिका राखी कौशिक उपासना कौशिक समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक निर्मला कौशिक द्वारा मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल व रजिस्ट्रेशन प्रभारी शशिबाला शर्मा, प्रशिक्षक गौरव चन्द्रा, डॉ. राजमोहन विश्वास, सुषमा रस्तौगी, शीतल शर्मा, रवि चौहान, अंशु दीक्षित, ममता चौहान, इरम अंसारी गम्भीर सिंह, परमजीत कौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कोरियोग्राफर गौरव चन्द्रा द्वारा खुशी को प्रथम व मानवी को द्वितीय रितिका को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर स्मार्टघड़ी भेंट की गयी। समिति द्वारा सार्थक रस्तौगी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक अशोक राणा ने किया मास्टर होरी सिंह स्मृति द्वार का उद्घाटन



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** विधायक अशोक कुमार राणा ने बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक मार्ग पर ग्राम पंचायत की ओर से बनाये गये मास्टर होरी सिंह स्मृति द्वार का नागरिकों की मौजूदगी में आतिशबाजी व ढोल धमाकों के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। रंग बिरंगी रोशनी में स्मृति द्वार जगमगा उठा।

सोमवार की देर शाम हुए इस भव्य उद्घाटन समारोह में पहुंचे विधायक अशोक कुमार राणा का ग्राम प्रधान हाजी शमशाद फरीदी व आम नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्हें गदा भेंट की तथा पगड़ी पहनाई गई। अपने सम्बोधन में विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि उनके पिता जी स्व. मास्टर होरी सिंह का ताजपुर बस्ती से विशेष लगाव रहा है। यह उनकी राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षिक कर्मभूमि रही है। उनकी स्मृति में बना द्वार साम्प्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल है। ताजपुर मेरा घर है, यहां के नागरिकों की सेवा करना मेरा फर्ज है। सागर सिंह की छपरिया में बैठकर चाय पीना उन्हें याद है। उन्होंने ग्राम प्रधान हाजी शमशाद फरीदी द्वारा बस्ती में कराये गये विकास कार्यों की सराहना की।

युवा भाजपा नेता प्रियंकर राणा ने कहा वे शौभाग्यशाली हैं कि अपने पापा के साथ अपने दादा स्व. मास्टर होरी सिंह स्मृति द्वार के इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए हैं। हाजी शमशाद फरीदी की प्रधानी में हुए अच्छे कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में होरी सिंह त्यागी, शुभम वालिया, हाजी लइक अहमद, हाजी कमरुल हाफिज सिद्दीकी आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह, सोनू भैया, याकूब सिद्दीकी, डा. राजपाल सिंह, ग्राम प्रधान फुरकान अहमद, दिलशाद अंसारी, ठाकुर हेमराज सिंह, फारुख सिद्दीकी, बीडीओ नूरपुर डॉ. दिनेशपाल शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार, सुनील त्यागी, शाहरुख फरीदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया।

# गर्मी से बेहाल यात्रियों पर तरस आया अग्रवाल संस्थान ने शर्बत पिलाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान रजिस्टर्ड बिजनौर के तत्वावधान में रोडवेज बस स्टैंड, बिजनौर पर, राहगीरों व यात्रियों को शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वैश्य समाज उ.प्र. के नगर महामंत्री मुकेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि राजवर्धन भटनागर रहे। संस्थान संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया कि 10 बजे प्याऊ का कार्यक्रम शुरू किया गया एवं अपराह्न 3.45 बजे तक सामग्री समाप्त होने तक निरंतर जारी रहा। शशि शर्मा एवं नीना शर्मा, ममता शर्मा, सर्वेश कुमार गुप्ता, हरीश गुप्ता आदि ने बसों में यात्रियों को शरबत पिलाया। उपाध्यक्ष अलका अग्रवाल ने कहा कि अपनी छतों पर भी दाना-पानी रखना चाहिए, जिससे कि पक्षियों की भूख-प्यास भी बुझ सके। कार्यक्रम में रोडवेज कर्मियों मुकेश कुमार वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी, अरविंद शर्मा, प्रदीप कुमार स्टेशन प्रभारी, दीपक कुमार, आकाश शर्मा के अतिरिक्त देवेश अग्रवाल, रमेश महेश्वरी, सुमेर चौकपुरी, इंद्रपाल सिंह, संजय बिश्नोई, वार्ड मेंबर, सर्वेश गुप्ता, हरीश गुप्ता, डा. अभिषेक भारद्वाज, सविता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, ममता शर्मा, अंजू शर्मा, शशि शर्मा, शारदा अग्रवाल, नीना शर्मा आदि का योगदान रहा।

# बाइक व मोबाइल लूट में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**शेरकोट ( चिंगारी )। विगत सप्ताह क्षेत्र के ग्राम हेरवली में हुई बाइक व मोबाइल लूट की सनसनीखेज घटना में वांछित चौथे अभियुक्त को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर लिया।**

विदित हो कि गत 14 मई की देर रात बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुराली निवासी शिवकांत और शौरम सिंह हेरवली स्थित एक अस्पताल से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में स्थित सावित्री देवी फूले इंटर कॉलेज के पास कार सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर उनसे बाइक व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद 17 मई को वाहन चैकिंग के पुलिस ने तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश निकुंज निवासी बाजपुर घायल हो गया और पुलिस ने उसको दो नाबालिग साथियों समेत गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर लूटी गई बाइक, मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद किये थे और घटना में पेलू उर्फ नितिन का नाम भी सामने आया था। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर इस मामले में वांछित आरोपी पेलू उर्फ नितिन पुत्र गुरनाम निवासी टांडा अमीचंद्र, बाजपुर को पुलिस ने हेरवली के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसको चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है।

सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद
Hero
ईद की खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें।
आकर्षक उपहार





SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम ₹ 62105*
* नियम शर्तें लागू
5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# बाइक रेलिंग से टकराई, एक की मौत दूसरे के चोट आई

**शेरकोट (चिंगारी)। नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर बाइक लोहे की रेलिंग से टकराने से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया।**

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम नगीना क्षेत्र के ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी 20 वर्षीय अनस पुत्र बन्दू अपने साथी 22 वर्षीय शाकिब पुत्र वकील के साथ बाइक पर सवार होकर धामपुर से अफजलगढ़ की तरफ जा रहा था। जब ये नेशनल हाईवे स्थित जैन पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जाकर टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि अनस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि शाकिब गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा शेरकोट थाने की एबुलेंस द्वारा दोनों युवकों को तत्काल धामपुर के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अनस को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शाकिब को परिजन निजी अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी शेरकोट वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर अनस का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।





## ईद की खुशियां मातम में बदलीं, परिजनों में कोहराम

**ईद से दो दिन पूर्व हुए इस सड़क हादसे से अनस के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि अनस मुम्बई में रहकर सैलून पर काम करता है, वह परिवार के साथ ईद मनाने के लिए सोमवार को ही मुम्बई से अपने घर आया था। मंगलवार को अफजलगढ़ जाते हुए ये हादसा हो गया। ईद से दो दिन पूर्व हुए इस हृदय विदारक हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है और मातम छा गया है।**

# स्वास्थ्य केंद्रों पर की जायेगी ठंडे पानी और पंखों की व्यवस्था- सीएमओ

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह ने जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों और तीमारदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठंडे पेयजल और पंखों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को आदेशित किया है कि स्वास्थ्य केंद्रों में लगे सभी पंखे सुचारु रूप से चलते रहें और जहां खराबी हो, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही मरीजों के लिए ठंडे पानी की उपलब्धता हर समय बनी रहे, इसकी भी जिम्मेदारी तय की गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं की निगरानी रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।



### कोल्डसम बनाने के निर्देश

**जिला नोडल अधिकारी / सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रतीक किशोर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 26 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोल्ड रूम बनाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें एक एसी अथवा कूलर की व्यवस्था, ठंडे पानी की व्यवस्था, आइस पैक और आईबी फ्लड की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था एवं आवश्यक औषधियां रखने के निर्देश दिए गए।**

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के आवास पर दबंगों ने मचाया तांडव

## विधायक पत्नी से गाली-गलौज

अमेठी (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के अमेठी में आवास विकास कॉलोनी स्थित विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर देर शाम बवाल हो गया। लाठी-डंडों से लैस होकर दो स्कॉर्पियो और कई अन्य गाड़ियों पर सवार दो दर्जन से अधिक दबंगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि सांसद धर्मेंद्र यादव के करीबी सपा नेता जय सिंह यादव ने अपने साथियों संग सोशल मीडिया पर हुए एक कमेंट के विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया। दबंगों ने घर में मौजूद लोगों पर हमला किया, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस के आने से पहले फरार हो गए। फिलहाल, पुलिस ने 5 आरोपियों को दबोच लिया है। यह पूरी घटना पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास की है, जहां वर्तमान में उनकी विधायक पत्नी महाराजी प्रजापति रहती हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर किए गए एक कमेंट को लेकर यह पूरा विवाद खड़ा हुआ था। देर शाम गाड़ियों से पहुंचे हमलावरों ने विधायक के घर पर जमकर तांडव मचाया।

## किरतपुर में ईदुल-अज़हा की नमाज़ सुबह 7:45 बजे

**किरतपुर (चिंगारी)।** कल बकरा ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:45 पर होगी। ईदगाह कमेटी के सदर डा. एहसानुल करीम व सचिव कैप्टन मजहरनामी ने सभी नगर व क्षेत्रवासियों से ईद का त्यौहार, शांतिपूर्वक मनाने और सफाई का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया। नगरपालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने भी सभी नगरवासियों से अपील की है कि कुर्बानी के अवशेषों को इधर-उधर न डालें। निर्धारित स्थान पर ही डालें। नगरपालिका की तरफ से लगे ट्रैक्टर का उपयोग करें, उसमें ही अवशेष डालें और सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही त्यौहार मनाएं और पालिका की ओर से पूरे दिन पानी की सप्लाई होगी और यदि किसी को कोई परेशानी हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है।

### आज का विचार

## सिर्फ़ जानवर ज़िबाह मत कीजिये, क़ुर्बानी का जज़्बा भी पहचानिये..



-हिंदुस्तानी

मुसलमान साल में दो त्यौहार खासतौर पर मनाते हैं। एक ईद उल फ़ित्र और दूसरा ईद उज्जुहा। इस ईद को ईद ए क़ुर्बान या बकराईद भी कहा जाता है। इस ईद पर साहिब ए हैसियत मुसलमान जानवर की क़ुर्बानी देते हैं। जानवर के मीट के तीन हिस्से बनाए जाते हैं। एक खुद रखते हैं, दूसरा अपने परिचितों को देते हैं और तीसरा ग़रीब और ज़रूरतमंदों को भेजा जाता है। जिस तरह हज के लिये जायज़ कमाई ज़रूरी है, वैसे ही क़ुरबानी के लिए हलाल पैसा खर्च करना शर्त है। इसके साथ ही आप पर किसी का कर्ज़ नहीं होना चाहिए। जो असली बात लोग भूल जाते हैं वो यह है कि जानवर की क़ुरबानी देने के साथ आपके दिल में अल्लाह की राह में इंसानियत मुल्क और आपसी रिश्तों को बचाने के लिए भी क़ुर्बानी का जज़्बा होना चाहिए। यह नहीं हो सकता आप हज़रत इब्राहीम की रस्म पूरी करने के लिए अल्लाह की राह में जानवर तो क़ुर्बान करें, लेकिन अगर अपने सगे भाई, पड़ौसी या हमवतन के लिए अपने पैसे जायदाद या किसी भी तरह के हित की थोड़ी से क़ुर्बानी देने की ज़रूरत आए तो पीछे हट जाएं। क़ुरबानी का मकसद अपनी हसद, लालच, हिंसा, टकराव, गुस्सा, झूठ, जुर्म और नफ़रत जैसी तमाम बुराइयों को भी क़ुरबान करना होता है। अगर सरकार कह रही है सड़क पर नमाज़ मत पढ़ो तो यह जानते हुए भी कि दूसरे धर्म के लोगों को ऐसा नहीं कह रही है, हम इसलिए रोड पर इबादत नहीं करेंगे, क्योंकि इससे राहगीरों को आने-जाने में तकलीफ़ होती है और अपने किसी भी मज़हबी काम से किसी को तकलीफ़ देना इस्लाम ने मना किया है। बाक़ी लोग क्या करते हैं और सरकार उनको क्यों करने देती है यह मुसलमानों का मामला नहीं है। मुसलमानों को अच्छी बातें सीखनी हैं उन पर अमल करना है और दूसरे लोगों से बेहतर मिसाल पेश करनी है। ऐसे लोगों के लिए ही शायर ने कहा है।

मकतब ए इश्क़ का दस्तूर निराला देखा,
उसको छुट्टी न मिली जिसने सबक़ याद किया।

# सात सुरों से सजा आकाशवाणी का स्वरांजलि कार्यक्रम

## कलाकारों ने लोक गीत व संगीत से समां बांधा








नजीबाबाद (चिंगारी)। आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आकाशवाणी नजीबाबाद की ओर से गत रात्रि नगर के होटल वालिया में स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आकाशवाणी के मशहूर कलाकारों ने शास्त्रीय व लोक संगीत पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों/श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ आकाशवाणी केंद्र प्रभारी शोभित कुमार, नगर पालिका चेयरमैन इंजी. मोअज्जम, पूर्व चेयरमैन मोअज्जम खां, चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, डॉ. संदीप अग्रवाल, तिलकराम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विख्यात बांसुरी वादक पंडित सुंदरलाल गंधर्व ने बांसुरी वादन कर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात सोहन टांक ने रुहेलखंडी लोकगीत, डॉ. राखी अग्रवाल व अनुराधा माथुर ने भजन, शाहरूख खान ने गजल, सरफराज साबरी ने कव्वाली, सनव्वर अली ने सूफी गायन से समां बांधा। कार्यक्रम का समापन सनव्वर अली और उनके पुत्र शाहरूख खान की जुगलबंदी से हुआ। उन्होंने छाप तिलक सब छीनी रे तूने नैना मिलाके गाकर श्रोताओं को झूमने के लिये मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर आकाशवाणी नजीबाबाद से जुड़कर अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व उद्घोषकों, कलाकारों व वार्ताकारों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आकाशवाणी के पूर्व अस्थायी उद्घोषक डॉ. एसके जौहर व एजाज अहमद पत्रकार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आकाशवाणी नजीबाबाद के प्रभारी शोभित कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में नार्थ इंडिया इंस्टीट्यूट के एमडी इंजी. अवनीश अग्रवाल, बार संघ नजीबाबाद के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट, प्रोफेसर शशिप्रभा बिजनौर, पत्रकार शादाब जफर शादाब, मशहूर शायर एजाज धामपुरी, प्रसिद्ध कवि इंद्रदेव भारती, प्रसिद्ध मंच संचालक प्रदीप डेजी, अंकित सैनी, डॉ. विनोद चावला, रिहान अहमद, रेनू कोटनाला, कमलकांत वालिया, डॉ. पूनम चौहान धामपुर, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. आफताब नौमानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं आकाशवाणी परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि व श्रीमती रेणु ने किया।

# समर कैम्प में कैरम, शतरंज, बैडमिन्टन, कला, संगीत के प्रतिभागी सम्मानित




नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार रोड नजीबाबाद में 'पाँच दिवसीय समर कैम्प का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ 'मुख्य अतिथि सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 जय प्रकाश गुप्ता (अवकाश प्राप्त कुलपति, शारदा विश्वविद्यालय), पूरन सिंह भण्डारी (उपाध्यक्ष), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष), हेमन्त अग्रवाल (सम्मानित सदस्य), अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी (शिक्षक, गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज, प्रयागराज) एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। आचार्य पंकज शर्मा ने अतिथिगणों का परिचय कराया तथा आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने अतिथियों को बैज लगाकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम का संचालन आचार्या फूलमाला वर्मा के दिशा निर्देशन में अनन्या पाण्डेय एवं सुकन्या ने किया। अतिथि बन्धुओं ने समर कैम्प में आयोजित गतिविधियों में 'कबड्डी, कैरम, शतरंज, बैडमिन्टन, कला, संगीत, आदि का निरीक्षण किया तथा प्रतिभागी भैया-बहिनों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने समर कैम्प में आयोजित गतिविधियों का वर्णन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अंजनी चतुर्वेदी ने भैया-बहिनों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किये। इस अवसर पर 'इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 में जिले में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली वाणी चौहान को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।' खुशबू, तृप्ति, प्रिया, आराध्या, मानवी, नीशू एवं अनन्या पाण्डेय ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रियांशी, मीनाक्षी, अलशिफा, मन्तशा, आशुतोष एवं अक्ष शर्मा ने लोकनृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 जय प्रकाश गुप्ता ने भैया-बहिनों को सफलता प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कार जैसे गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। भैया शिवा कुमार एवं बहिन अदिति तिवारी ने अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किया। बहिन प्राची, विधि, वंशिका, माही, मनु, राशि ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। हेमन्त अग्रवाल ने सभी अतिथि गणों एवं अभिभावक बन्धु-बहिनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर आचार्य संजय शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, घनश्याम सिंह, गौरव कुमार, अनन्त कुमार, सोनू कुमार, नीरज कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, सुभाष कुमार एवं आचार्या रजनी टाँक, पूनम रानी, साक्षी, मिताली, मीनू एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिंचाई खंड कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा- चंद्रहास

## मांगें पूरी न होने पर सभी संगठन करेंगे आंदोलन, बैठक में अधिशासी अभियंता पर लगाए गंभीर आरोप

बिजनौर (चिंगारी)। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा बिजनौर की ओर से सिंचाई खंड कर्मचारियों के उत्पीड़न और लंबित मांगों को लेकर जिला कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने किया। बैठक में सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता पर कर्मचारियों के शोषण, एसीआर खराब करने की धमकी देने और कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगाए गए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सिंचाई खंड में कार्यरत सींच पर्यवेक्षकों की एसीपी काफी समय पहले लग जानी चाहिए थी, लेकिन अधिशासी अभियंता की हठधर्मिता के चलते आज तक कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद सहित विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक भी हुई थी, जिसमें अधिशासी अभियंता ने एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। चंद्रहास सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की वाजिब मांगों की लगातार अनदेखी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी संगठन संयुक्त रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक को जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, कुलवीर सिंह, ज्ञानेंद्र चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, सुशील कुमार, मुजफ्फर इस्लाम, अशोक कुमार, अमित कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, विजेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश सिंह, नाहर सिंह सहित कई कर्मचारियों ने संबोधित किया।

# डाककर्मी की घोर लापरवाही पर जागे अधिकारी


## पोस्टमैन शिवनाथ सिंह संस्पेड

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** इक्का दुक्का क्षेत्रवासियों द्वारा समय-समय पर डाककर्मियों की लापरवाही की शिकायतों को नजरअंदाज करने वाले विभागीय उच्चाधिकारियों को आखिरकार एक डाककर्मी की घोर लापरवाही उजागर होने पर कार्यवाही करनी ही पड़ी। लापरवाह डाककर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। गत दिवस एक डाककर्मी की घोर लापरवाही सामने आई जिस पर उच्चाधिकारियों की नींद टूटी। रेहड़ डाकघर में तैनात मुस्तफाबाद गढ़ी निवासी पोस्टमैन शिवनाथ सिंह संबंधित लोगों को उनकी डाक बांटने की बजाय डाक की पूरी गठरी एक पेट्रोल पंप पर रखकर अपने निजी कार्यों में व्यस्त हो गए। जांच के लिए आई टीम ने मौके पर शिकायत को सही पाया। उप मंडल अधीक्षक राजबहादुर सिंह ने बताया कि रेहड़ के पोस्टमैन शिवनाथ सिंह को फिलहाल सस्पेंड करते हुए जांच शुरू कर दी गई है और उसके स्थान पर गगनदीप को रेहड़ की डाक वितरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उधर आरोपी/निलंबित पोस्टमैन शिवनाथ सिंह का कहना है कि सोमवार की प्रात: वह डाक लेकर बांटने हेतु रेहड़ जा रहा था कि इसी बीच उसे पत्नी के बीमार होने की सूचना मिली तो वह आनन-फानन में एक पेट्रोल पंप पर डाक रखकर दवाई लेने चला गया, मगर देर हो जाने पर वह रात को नहीं लौट पाया और मंगलवार की प्रात: यह कार्यवाही सामने आई है।

शिकायत पर मिली डाक की जांच करते डाक अधिकारी।



# कहां और कब पढ़ी जाएगी ईदुल अज़हा की नमाज



**अफजलगढ़/कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ईद-उल-अजहा की नमाज सदर ईदगाह अफजलगढ़- 7:30 बजे, जामा मस्जिद अफजलगढ़- 8 बजे, मस्जिद बेल वाली अफजलगढ़- 6:30 बजे, मस्जिद अबुबक्र अफजलगढ़- 5:45 बजे, अली मस्जिद अफजलगढ़- 5:50 बजे, मस्जिद कुरैशियान अफजलगढ़- 5:45 बजे, ईदगाह कासमपुर गढ़ी- 7:15 बजे, ईदगाह मानियावाला- 7:30 बजे, जामा मस्जिद मानियावाला- 8 बजे, ईदगाह सीरवासुचंद- 7:30 बजे, ईदगाह रेहड़/दहलावाला- 7:15 बजे, जामा मस्जिद रेहड़- 7:45 बजे, ईदगाह रसूलपुर- 7:30 बजे, जामा मस्जिद चौहड़वाला- 8 बजे, जामा मस्जिद टांडा- 8 बजे, ईदगाह मेघपुर- 7:15 बजे, मस्जिद कोटवाली मेघपुर- 5:50 बजे अदा की जाएगी।

# सुनील बंसल से मिले मुकुल अग्रवाल

## व्यापारियों को टिकट देने और व्यापारी सुरक्षा आयोग बनाने की मांग की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से पार्टी मुख्यालय, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर व्यापारी समाज की भागीदारी बढ़ाने की मांग उठाई। मुकुल अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में व्यापारी वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भाजपा के प्रति व्यापारी समाज का हमेशा सकारात्मक सहयोग रहा है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारी समाज को अधिक संख्या में टिकट देक उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में व्यापारी सुरक्षा आयोग गठित करने की मांग भी रखी। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संगठन स्तर पर विचार करने का आश्वासन दिया।



### सांप के काटने से महिला की मौत

**चंदक ( चिंगारी )।** घास काट रही एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। गांव दौलतपुर निवासी मुन्नी देवी ( 63 वर्ष ) पत्नी मुन्नू सिंह मंगलवार की दोपहर जंगल में पशुओं के लिए घास काटने के लिए गई थीं। इसी बीच जंगल से निकले जहरीले सांप ने उसे डस लिया। आनन-फानन में मुन्नी देवी को चंदक के एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया, जहां से बिजनौर रेफर कर दिया गया। लेकिन वह बच न सकी। उपचार के दौरान मुन्नी देवी की मौत हो गई।

# बिजली की समस्या है भारी एसडीओ से मिले व्यापारी



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नूरपुर नगर व क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती व ट्रिपिंग की समस्या को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भीषण गर्मी में लगातार हो रही विद्युत कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई। भीषण गर्मी में बच्चे बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। विद्युत समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाए।नगरीय क्षेत्र और सी.एच.सी. की विद्युत आपूर्ति फतेहाबाद बिजली घर से जोड़ने की मांग की। बिजली की जर्जर लाईनो व खम्बों को बदला जाए। विद्युत कटौती बन्द की जाए। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, युवा जिला प्रभारी सन्दीप जोशी, नगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह, मुकुल गुप्ता, अजयवीर सिंह एडवोकेट, अनेकित जोशी, हरभजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बकरा ईद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कल शाम नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई सीओ अंजनी कुमार तथा थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने की। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार, प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरता हुआ पुन: थाने पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा। अधिकारियों ने नगरवासियों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि बकरा ईद के अवसर पर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगी।



# समर कैम्प में पांचवें दिन हुई कई एक्टिविटी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** यहां सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे। सात दिवसीय समर कैंप के पंचम दिवस में छात्र-छात्राओं ने हिंदी व इंग्लिश डिबेट, आर्ट और क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कुकिंग, डांस, मेहंदी, संगीत, वैदिक गणित, स्पोर्ट्स आदि में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा. दीपक अरोड़ा ने बताया कि जब हम योग शब्द सुनते हैं, तो हमें लगता है कि यह सिर्फ बड़ों के लिए है, या इसमें बस आँखें बंद करके बैठना होता है। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है। योग बच्चों के लिए एक सुपरपावर की तरह है,जैसे मोबाइल को चार्ज करने के लिए चार्जर की ज़रूरत होती है, वैसे ही हमारे शरीर और दिमाग को चार्ज करने के लिए योग की ज़रूरत होती है। सरस्वती विद्या मंदिर फीना के प्रधानाचार्य कामेश्वर प्रसाद शर्मा ने मोबाइल को बीमारी बताते हुए छात्रों को इससे दूर रहने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में व्यवस्था प्रमुख राजेश कुमार , रचित,कु वैशाली आदि मौजूद रहे। संचालन श्रीमती पारूल त्यागी व विपिन कुमार ने किया।

# नशीला पदार्थ खिलाकर वीडियो बनाई महिला चिकित्सक ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**चांदपुर/बिजनौर (चिंगारी)।** नगर की महिला चिकित्सक ने भाजपा के जिला मंत्री प्रभात यादव पर खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लेने तथा उन फोटो व वीडियो से ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने, धन की मांग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से सियासी व समाजी हलकों में हड़कम्प मच गया।

तहरीर में महिला चिकित्सक ने बताया कि उसके पति की मृत्यु पिछले वर्ष हो गई थी। ग्राम रौनिया निवासी प्रभात यादव उसके यहां आता-जाता था। महिला चिकित्सक का आरोप है कि प्रभात यादव ने उसे खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया तथा बेहोशी की हालत में उसके कुछ अश्लील फोटो व वीडियो बना ली तथा बाद में फोटो व वीडियो दिखाकर उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करने लगा। इतना ही नहीं, भाजपा नेता ने पैसों की डिमांड भी की तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला चिकित्सक का कहना है कि परेशान होकर उसने सारी बात अपनी ससुराल व मायके वालों को बताई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है।

उधर, प्रभात यादव का कहना है कि उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। महिला चिकित्सक के साथ उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। एक अन्य नेता उनके नाम पर महिला चिकित्सक को ब्लैकमेल कर रहा था। सूत्रों के अनुसार महिला चिकित्सक की अश्लील वीडियो कई लोगों के पास है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जिलाध्यक्ष ने प्रभात यादव को पार्टी से निष्कासित किया


भारतीय जनता पार्टी बिजनौर

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने चांदपुर की एक महिला चिकित्सक को ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करने के आरोपी पार्टी के जिला मंत्री प्रभात यादव को अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी दायित्वों से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला मंत्री पर लगाये गये आरोपों की जांच कराने के बाद यह कार्रवाई की गई। उनका कहना है कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है, जिसमें अनैतिक कार्य करने वालों के लिये कोई स्थान नहीं है। अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंची

भाजपा नेता द्वारा महिला चिकित्सक का अश्लील वीडियो बनाने और शारीरिक शोषण किये जाने के मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। भाजपा हाईकमान और जिलाध्यक्ष ने घटना को गंभीरता से लिया। उधर, इस घटना को लेकर भाजपा की अंदरुनी खींचतान भी सामने आई। सूत्रों के अनुसार मामले का पर्दाफाश भाजपा के लोगों ने ही किया और आरोपी को पार्टी से निकालने के लिये दबाव बनाने लगे। पार्टी के एक गुट ने रविवार को चांदपुर में बैठक की थी, जिसमें प्रभात यादव व एक अन्य नेता पर महिला चिकित्सक का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया और पार्टी हाईकमान से दोनों नेताओं को बर्खास्त करने की मांग की गई थी। जिसे देखते हुए जिलाध्यक्ष ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था।

# नगीना तहसील में पैनल लॉयर के दो पदों के लिये आवेदन मांगे

**बिजनौर (चिंगारी)।** तहसील नगीना में ग्राम समाज के पैनल लॉयर के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के क्रम में राजस्व संहिता-2016 की धारा 72 के उपनियम-2 के अंतर्गत अधिकतम तीन वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अधिवक्ता अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 10 जून 2026 तक तहसील नगीना स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में जमा करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। एडीएम ने बताया कि आवेदन करने वाले अधिवक्ता की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, बार काउंसिल प्रमाण-पत्र तथा शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के पास कम से कम पांच वर्ष का विधि व्यवसाय का अनुभव होना चाहिए।

# ब्लॉक कार्यालय पर शिविर लगाया, राहगीरों को शर्बत पिलाया




**हल्दौर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी व तपती धूप को देखते हुए ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ सहित सभी कर्मचारियों ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। मंगलवार की दोपहर ब्लॉक कार्यालय के मुख्य गेट पर ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, बीडीओ सीपी पांडे, एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ एसटी अरिंद्र कुमार, एडीओ समाज कल्याण रवि शर्मा, एडीओ आईएसबी अजय पाल सहित ब्लॉक कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों व यात्रियों आदि को ठंडा शरबत पिलाया, जिसे पीकर सभी ने गर्मी से राहत की सांस ली। इस मौके पर मनोज कुमार, रोहित प्रधान, कर्मेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, नफीस अहमद, मनीष जैन, धर्मेंद्र सिंह, मिथुन कुमार, अर्जुन सिंह, भोपाल सिंह व गजेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी अफ़ज़लगढ़ में जोर-शोर से जारी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 30 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राम आलमपुर गांवड़ी पहुंचेंगे, जहां वह जनसभा को संबोधित करने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



विधायक प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह हुंदल लगातार गांव-गांव जनसंपर्क कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने जिकरीवाला, कासमपुर गढ़ी, मानियावाला, बादीगढ़, रेहड़, देहलावाला, कल्लूवाला, भिक्कावाला, कादराबाद सहित कई गांवों का दौरा कर भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी दी।

सर्वजीत सिंह हुंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र में कई बड़ी विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, जिससे सड़क, बिजली, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। यह योजनाएं क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

## सर्वजीत सिंह हुंदल लगातार, क्षेत्र में कर रहे प्रचार

उन्होंने क्षेत्रवासियों से 30 मई को ग्राम आलमपुर गांवड़ी पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ओजस्वी विचार सुनने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। वहीं भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन हुआ संजीदा

### बार-बार चालान होने पर लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार शाम कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन और जनजागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस की सघन जांच कराने और मानकों के विपरीत संचालित वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में ऐसे वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश भी दिये गये, जिनके खिलाफ तीन से चार बार बड़े चालान किए जा चुके हैं। डीएम ने जनपद में संचालित अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के आदेश दिये। साथ ही पेट्रोल पंपों के सामने बने अवैध कटाई और बिजनौर-नजीबाबाद मार्ग स्थित झालरा के अवैध कट को भी तुरंत बंद कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और रोड मार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। खासतौर पर टी-प्वाइंट और ब्लाइंड मोड़ों पर एक किलोमीटर पहले से साइनेज और रिफ्लेक्टर लगाने पर जोर दिया गया ताकि वाहन चालक सतर्क रह सकें। डीएम ने परिवहन विभाग को बिना फिटनेस, बिना परमिट और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। वहीं पुलिस विभाग को ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चालकों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान चलाने को कहा। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 'ईदुल अज़हा पर शासन की गाइड लाइन का पालन करें'



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) पर्व को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्राम गागू नंगला स्थित प्राचीन ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी। ग्राम गागु नंगला में स्थित गोसिया मस्जिद के पेश इमाम कारी जाकिर हुसैन तथा कादरी मस्जिद के पेश इमाम कारी गुलाम यासीन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि ईद-उल-अज़हा त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। नमाज के बाद सुन्नत-ए-इब्राहीमी को जीवित रखने के लिए कुर्बानी की जाती है, सभी लोग धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए सरकार और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रतिबंधित मवेशियों की कुर्बानी हरगिज़ न करें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। ईद-उल-अज़हा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश भी देता है। उधर, क्षेत्र में ईदुल अजहा को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। लोग खरीदारी में जुटे हैं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं प्रशासन भी त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सतर्क नजर आ रहा है।

# खेत में काम कर रहे किसान पर माहे ने हमला किया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पुट्ठा में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत पर कार्य कर रहे किसान उमरदीन पर अचानक माहे ने हमला कर दिया। उमरदीन जंगल स्थित अपने खेत में नाली साफ कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से खेत से निकलकर आए माहे ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना को देख आसपास खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत मौके पर पहुंचे तथा घायल किसान को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में जंगली जानवरों की मौजूदगी किसानों के लिए खतरा बनती जा रही है। किसान खेतों में काम करने से डरने लगे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवराज सिंह घायल किसान के घर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। देवराज सिंह ने कहा कि किसानों की सुरक्षा सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। खेतों में जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।



## शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक युवती ने एसपी बिजनौर से न्याय की गुहार लगाते हुए एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाने और अब शादी से इंकार करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि ग्राम सिरियावाली निवासी अजय कुमार ने उसके साथ शादी का झांसा देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए, मगर अब शादी करने के लिए अजय, उसके पिता जसवंत सिंह, मां उमा देवी व भाई पवन कुमार 10 लाख रुपए व लग्जरी कार की मांग कर रहे हैं। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि युवती की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**अब शादी करने को मांग रहा दहेज, केस दर्ज**

# बिजली की समस्या नहीं हो पा रही दूर लोग सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर

**अफज़लगढ़ ( चिंगारी )।** शहर की विद्युत व्यवस्था चरमरा जाने से नगर के मोहल्ला गोहर अली खां, चिरंजीलाल, खड्डा कालॉनी के लोग बिजली के न आने से सड़कों पर रातें गुज़ारने को मजबूर हैं। मालूम हो कि पिछले दस दिनों से पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था अस्त-व्यस्त है, जिस कारण नगर की जनता में रोष पनपता जा रहा है। बताया जाता है कि पिछली दीपावली से नगर के कई मोहल्ले के केबल और ट्रान्सफार्मर फुंक गये थे, तभी से नगर के लोग बिजली का ट्रान्सफार्मर बदलवाने और केबल नया डालने की मांग कर रहे हैं, मगर बिजली अधिकारियों द्वारा शहर की अवाम की मांग पर कोई ध्यान न दिये जाने के कारण सख्त गर्मी में जगह-जगह से तार टूटते रहने और ट्रान्सफार्मर फुंकते रहने से शहर के लोगों की ज़िन्दगी जहन्नुम बन गई है। मोहल्ला गोहर अली खां निवासी नगर पालिका के पूर्व बड़े बाबू भा.ज.पा. नेता पत्रकार सत्यप्रकाश पवार ने बिजली अधिकारियों से मांग की है कि शहर में बिजली के ट्रान्सफार्मर तुरन्त बदले जायें तथा नये केबिल डलवाने की व्यवस्था कराये जाये अन्यथा बिजली अधिकारियों के खिलाफ बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। हरपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, यामीन, शरीफ अहमद, नरेन्द्र सिंह, रोताष पंवार, अंकित पंवार, दिलशाद, निसार, मोहम्मद शमशाद ने भी बिजली की समस्या के समाधान की जल्द मांग की है। उधर बिजली विभाग के एस.डी.ओ. विनोद कुमार गंगावर व जे.ई. ने बताया कि बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं और विभाग का सारा स्टाफ रात-दिन बिजली व्यवस्था सुधारने में लगा हुआ है, जल्दी ही बिजली सुचारू रूप से जारी हो जाएगी।



विद्युत अव्यवस्था के विरूद्ध प्रदर्शन करते लोग।

## दो भाइयों के परिवारों में हुआ खूनी संघर्ष, महिला सहित कई लोग घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आपसी विवाद के चलते दो भाइयों व उनके परिवारों के बीच पहले कहासुनी, गाली-गलौच और फिर खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए। ग्राम सीरवासुचंद निवासी मरहूम हाजी अकबर दुकानदार के पुत्र मो. अखलाक ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को बताया कि सोमवार को उसके बड़े भाई हकीम मौलाना इस्माईल व उसके दो पुत्रों नौमान व लुकमान ने उसके (अखलाक) पुत्र हस्सान व पत्नी शबनम को गाली-गलौच करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया और धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि अखलाक की तहरीर के आधार पर इस्माईल पुत्र अकबर अली, नौमान व लुकमान पुत्रगण इस्माईल निवासीगण ग्राम सीरवासुचंद थाना अफजलगढ़ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और इस्माईल का शांति भंग की आशंका के तहत चालान कर दिया गया है।

# नारायणवाला मस्जिद में हुई दीनी मजलिस



दीनी मजलिस को खिताब करते आलिम-ए-दीन।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ईद-उल-अजहा के मद्देनजर नारायणवाला की मस्जिद में दीनी मजलिस का इनअकाद किया गया। हाफिज इलियास की सदारत व मुफ्ती जुबेर आलम की निजामत में मुनअकिद हुई। इस मजलिस का आगाज कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरआन व कारी जावेद अख्तर थेपुरी की नात-ए-पाक से हुआ। मजलिस को बतौर मेहमान-ए-खुसूसी खिताब करते हुए जामा मस्जिद कासमपुर गढ़ी के इमाम-ओ-खतीब मुफ्ती मौ.शाहिद ने कुर्बानी पर खास रोशनी डाली। उन्होंने कुर्बानी के बाद साफ सफाई का खास ख्याल रखने पर जोर देते हुए कहा कि कुर्बानी खुलूस-ओ-अकीदत के साथ फकत अल्लाह की रजा के लिए की जाए, दिखावा, शौहरत या शान-ओ-शौकत के लिए नहीं। उन्होंने इस मौके पर अल्लाह की बारगाह में गुनाहों से तौबा करने और दूसरों के जज्बातों का खासतौर से ख्याल रखने की भी नसीहत की। मजलिस के आखिर में इमाम कारी मौ. आरिफ ने अमन-चैन समेत तमाम खैर-ओ-बरकत की दुआ कराई। प्रोग्राम में इमाम मस्जिद नारायणवाला कारी जावेद, हाजी शाहिद, मौ.नाजिम, शमसुद्दीन, मुनव्वर हुसैन, मुजाहिद हुसैन, शराफत हुसैन व फरियाद आलम वगैरह की शिरकत काबिल-ए-गौर रही।

**सिर्फ़ अल्लाह की रज़ा के लिए करें कुर्बानी : मुफ्ती शाहिद**

# वन विभाग के उड़नदस्ते ने अवैध लकड़ियों से भरा पिकअप पकड़ा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मुरादाबाद से आए वन विभाग के उड़नदस्ते ने बादीगढ़ चौराहे के पास अवैध लकड़ियों से लदे पिकअप (छोटा हाथी) को पकड़ा और स्थानीय वनकर्मियों की सुपुर्दगी में सौंप दिया। पिकअप पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम रिफाकत पुत्र नजाकत निवासी कासमपुर गढ़ी बताया, जो पूछताछ के दौरान लकड़ियों से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत पर डिप्टी रेंजर आईके सागर के नेतृत्व में मंगलवार को बादीगढ़ चौराहे पर पहुंचे उड़नदस्ते ने यह कार्यवाही की है। स्थानीय वनकर्मियों को सूचना दिये बगैर मुरादाबाद से अचानक आए उड़नदस्ते द्वारा की गई इस कार्यवाही से स्थानीय वनकर्मियों व अवैध रूप से लकड़ी का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों का कहना है कि शिकायतकर्ता ने ऊपर सिर्फ इसलिए शिकायत की है, क्योंकि अवैध लकड़ियों का यह कारोबार स्थानीय वनकर्मियों व पुलिस टीम की मिलीभगत से चलता है और ऐसे में उनसे ही अगर शिकायत की जाती है तो कोई कार्यवाही नहीं होती।

अवैध लकड़ियों से लदे वाहन व अभियुक्त के साथ मौजूद टीम।



# किसानों ने पैजनिया बिजलीघर पर किया धरना-प्रदर्शन

**पैजनिया ( चिंगारी )। क्षेत्र में विद्युत समस्याओं को लेकर मंगलवार को पैजनिया स्थित बिजलीघर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया और बिजली आपूर्ति में अनियमितता, जर्जर लाइनों और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।**


अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते हुये किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी।

धरने का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू चौधरी ने किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा ने कहा कि कई गांवों में मात्र तीन से चार घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। मुख्य मंडल महासचिव वेदप्रकाश चौधरी ने अधिकारियों को 18 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा। मांग-पत्र में डबल ग्रुप सप्लाई सुचारू कराने, जर्जर विद्युत लाइनों को बदलने, टूटे विद्युत खंभों की मरम्मत कराने, खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल चालू कराने तथा बिजलीघरों पर चौबीस घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। धरने की सूचना पर नूरपुर के अधिशासी अभियंता गोपाल चतुर्वेदी, मदारीपुर एसडीओ गौरव कुमार तथा हल्दौर एसडीओ अभयपाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों के साथ करीब दो घंटे तक वार्ता की और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। अधिशासी अभियंता गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि मदारीपुर बिजलीघर की क्षमता वृद्धि की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने जर्जर लाइनों के सुधार, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र चालू कराने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अनवर, राजपाल भगत, सुजान सिंह, ठाकुर नरेंद्र सिंह, ब्रजपाल सिंह, शकील अहमद, राकेश चौधरी, अरमान मलिक पावटी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लाला कीर्ति प्रकाश तत्समय अध्यक्ष दि दान धर्म प्रचारिणी मंदिर सुधार सभा चांदपुर, जिला बिजनौर के अध्यक्ष थे, उन्होंने एक ट्रस्ट डीड चांदपुर देवी मंदिर ट्रस्ट मो. पतियापाड़ा चांदपुर, जिला बिजनौर के नाम से ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य मोहित कुमार व आदित्य अग्रवाल के साथ दिनांक 04.02.2023 को पंजीकृत कराया था, उनकी मृत्यु दिनांक 15.06.2024 को हो चुकी है, उनकी मृत्यु के पश्चात दिनांक 29.11.2025 को मोहित कुमार, आदित्य अग्रवाल, श्रीमती स्नेहा अग्रवाल, ईशान अग्रवाल ने ट्रस्ट डीड चांदपुर देवी मंदिर ट्रस्ट मो. पतियापाड़ा चांदपुर, जिला बिजनौर के नाम से ट्रस्ट डीड पंजीकृत करायी थी, जिन्हें निरस्तीकरण विलेख के द्वारा दिनांक 25.05.2026 को उपनिबन्धक कार्यालय चांदपुर में निरस्त करा दिया गया है। स्व. लाला कीर्ति प्रकाश ने एक पंजीकृत वसीयत अपने पुत्र मोहित कुमार के पक्ष में तहरीर करायी थी, उसके निरस्तीकरण हेतु न्यायालय सिविल जज सी.डि. बिजनौर में सिविल वाद योजित कर दिया गया है। चांदपुर में स्थित जो देवी मंदिर के नाम से जाना जाता है, की प्रबंध, व्यवस्था व देखरेख संस्था दि दान धर्म प्रचारिणी मंदिर सुधार सभा चांदपुर, जिला बिजनौर सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एवं चिट्स मुरादाबाद उ.प्र. से पंजीकृत संस्था द्वारा ही की जाती थी और की जा रही है।

**ह. मोहित कुमार ( अध्यक्ष )**
**संस्था दि दान धर्म प्रचारिणी मंदिर सुधार सभा चांदपुर, जिला बिजनौर उ.प्र.।**

# आपका धन्यवाद मुख्यमंत्री जी !



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंगलवार को विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार कक्ष में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की बैठक हुई, जिसमें उपस्थित समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा उन्हें 6 माह के लिये ग्राम पंचायतों का प्रशासक बनाये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्त किये गये विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करने और जनहित में अधिकाधिक विकास कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक के उपरांत ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एसडीएम आशुतोष जैसवाल के माध्यम से धन्यवाद पत्र प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, क्षेत्र पंचायत सदस्य एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, मुहम्मद अली, सुखवीर सिंह, सतविन्दर सिंह पोप, सत्यपाल सिंह, नसीम अहमद, दीपक कुमार, मुश्ताक अली, मा. दिलशाद, रमेश सिंह, कुंती देवी सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



# मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीरा कॉलेज स्थित रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 ने ग्राम नवलपुर में आजकल गर्मी के मौसम में होने वाली आम बीमारी उल्टी-दस्त के प्रति वहां उपस्थित ग्रामवासियों को रेडियो संदेश की 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर शबाना बेग ने आजकल बड़े स्तर पर होने वाली बीमारी उल्टी दस्त के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि आज के मौसम में ताजा भोजन करें, मक्खी वाला भोजन न करें, पेय पदार्थों का प्रयोग करें, हल्का, सुपाच्य भोजन करें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, कोई भी दिक्कत महसूस होने पर तुरंत निकटवर्ती आरोग्य मंदिर या सामुदायिक केंद्र पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें। स्मार्ट एनजीओ द्वारा संचालित कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई में श्यामल मंडल, शबाना बेग, मनोज यादव, सुनील भारद्वाज आदि का सहयोग रहा।

# राहगीरों को शर्बत पिलाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में अनेक स्थानों पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। मंगलवार को नगर के मुहल्ला गोकुलनगर, सराय रफी, ढाली बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर सोहम अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, मंयक अग्रवाल, मोनू, अनमोल गर्ग, अनंत, वेदिका अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, आशु गोयल आदि का सहयोग रहा।



# तमंचे के साथ थमा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण व बिक्री और अपने साथ अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कल भनेड़ा चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार ने वाहन चैकिंग के दौरान रिजवान पुत्र छुन्नू निवासियों, हुसैनपुर थाना किरतपुर को 315 बोर के एक तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा और जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि रिजवान के पास तमंचा कहां से आया था, इसकी जांच चल रही है।

# विहिप व बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा का पाठ


हलुए का प्रसाद वितरित करते विहिप कार्यकर्ता

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान धाम मायापुरी पर हनुमान चालीसा का पाठ किया और हलुए के प्रसाद तथा शरबत का वितरण किया। मंगलवार की दोपहर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता हनुमान धाम मायापुरी पर एकत्रित हुए तथा सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके उपरांत वहां आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के प्रांत गौरक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय ने कहा कि अपनी और धर्म की सुरक्षा के लिये हिंदुओं को संगठित होने की जरूरत है। प्रत्येक मंगलवार को हिन्दू अपने क्षेत्र के किसी प्रमुख मंदिर ( शक्ति केन्द्र ) पर एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करें या किसी अन्य प्रकार से ईश्वर की स्तुति, आराधना करें। उसके उपरांत बैठक कर धार्मिक तथा सामाजिक चर्चा करें। विहिप के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की असली ताकत हैं। युवा संगठित होकर धर्म और राष्ट्र को मजबूत करने का कार्य करें। अंत में राहगीरों और ग्रामीणों को हलुए का प्रसाद एवं शरबत वितरित किया गया। विनीत कुमार, गगन कर्णवाल, विकास कुमार उर्फ सत्री, सिंधुराज सिंह, जितेश सेहल, शिवम सहरावत, नवीन कुमार, दीपक कुमार, सत्यम कुमार आदि मौजूद रहे।

# सफाई को लेकर दो चिकित्सकों में विवाद

**स्योहारा ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित क्लिनिकों के संचालक चिकित्सकों का विवाद सफाई व वाहन खड़ा करने को लेकर हो गया, जिसमें पीड़ित चिकित्सक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मंगलवार को धामपुर रोड पर पास-पास स्थित दो चिकित्सालयों के संचालक चिकित्सकों में साफ सफाई को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक चिकित्सक ने दूसरे चिकित्सक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित चिकित्सक सानिब ने पुलिस को तहरीर देते हुए डाक्टर अजीम पर मारपीट करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# बोर्ड की बैठक में 39 करोड़ का बजट पास, होगा नहटौर का चहुंमुखी विकास

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 39 करोड रुपए का बजट बहुमत के साथ पास हुआ। पालिका प्रशासन ने गृह कर में कटौती करते हुए नियमानुसार 50 प्रतिशत तक का लाभ नगर वासियों को देने की घोषणा की है।

मंगलवार को नहटौर पालिका बोर्ड की बैठक चेयरपर्सन अनस इकरार की अध्यक्षता में हुई। अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि 1 अप्रैल 2026 को अनुमानित अवशेष 20,77,945 रहा। साथ ही निजी स्रोत से आए 4 करोड़ 42 लाख 95हजार रखी गई। शासन से अनुमानित प्राप्तियां 34 करोड़ 75 रुपये रहा। कुल आय में से करीब 39 करोड़ 12 लाख 20 हजार 428 का अनुमानित व्यय माना गया। व्यय धनराशि के अंतर्गत नई सड़कों के निर्माण पर 8 करोड़, स्वच्छ भारत




मिशन साफ सफाई व्यवस्था पर 5 करोड़ 30 लाख, बिल्डिंग पर 2 करोड रुपए, तालाबों के सौंदर्य करण पर 3 करोड़, पेयजल व्यवस्था पर 8 करोड़ आदि अनुमानित व्यय बताया गया। बजट को सभासदों द्वारा पास कर दिया गया। जिस पर पालिकाध्यक्षा अनस इकरार ने सभी का आभार जताया। अधिशासी अधिकारी ओमगिरी ने बताया कि गृहकर में नियमानुसार 10से लेकर 40 प्रतिशत तक की छूट जमाकर्ता को मिलेगी। इसके अलावा समय से जमा करने पर 10 प्रतिशत का और अधिक लाभ दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि समय से जमा न होने पर गृहकर में 20प्रतिशत अधिक की वसूली की जाएगी। पालिका लिपिक विशेष उपाध्याय द्वारा संचालन किया गया।

### सदस्यों ने अपनी बात को रखा, वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित है

**पालिका बोर्ड की बैठक में 12 सदस्यों द्वारा बात न सुनने का आरोप लगाया गया जिस पर उन्होंने कार्यालय परिसर के बाहर भी प्रदर्शन किया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि सभी सदस्यों के सुझावों एवं मांगों को नियमानुसार सुना गया है, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित है। कुछ सभासद अनावश्यक रूप से दबाव बनाकर बाधा पैदा कर रहे हैं।**



## वाईन कम्पनी ने छबील लगाया राहगीरों को शर्बत पिलाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज सिविल लाइन में कार्तिक हास्पिटल के सामने छबील लगाकर राहगीरों को छबील लगाकर शर्बत पिलाया गया। नौतपा शुरू हो चुका है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है तथा तेज धूप में कुछ देर ठहर पाना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में वाईन कम्पनी बिजनौर ने राहगीरों को कुछ राहत देते हुए छबील लगाकर ठंडा शर्बत पिलाया। दोपहर बारह बजे शुरू हुआ यह शर्बत का लंगर शाम तक चला। तपती दोपहरी में लगाये गये इस शर्बत के लंगर में अपना सहयोग देने वालों में मुख्य रूप से राकेश कर्णवाल, कोमल चौधरी, सुबोध शर्मा, सीडी शर्मा, सुशील कर्णवाल, शकील अहमद, अमित कर्णवाल, संजय शर्मा, राकेश गुप्ता, निपेन्दर शर्मा, गौरव कर्णवाल, मधुरम कर्णवाल, राजकुमार, हरकिशोर, देवेन्द्र चौधरी आदि शामिल थे।

## गन्ने के खेत में मिली बल्दिया के अर्जुन की लाश

**अमेहड़ा ( चिंगारी )।** हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात स्थित हल्दौर निवासी किसान मूला सिंह के ईख के खेत में बुधवार सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की शिनाख्त करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 22 वर्षीय अर्जुन पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बल्दिया के रूप में हुई। शव के पास से शराब की खाली बोतल तथा सलफास पड़ा मिला, जिसे फॉरेंसिक टीम जांच के लिए अपने साथ ले गयी। परिजनों का कहना है कि मृतक नशे का आदी था, जिसके चलते अक्सर घर से बाहर रहता था। कुछ माह पूर्व भी वह बिना बताये घर से कहीं चला गया था और छह माह बाद घर वापस आया था।

## दीवार फांदकर बछड़े को उठा ले गया गुलदार

**नहटौर ( चिंगारी )।** फरीदनगर में स्थित पशुशाला से गुलदार ने दीवार फांदकर एक बछड़े को अपना निवाला बना लिया। गुलदार बछड़े को पशुशाला से खींचकर बाग में ले गया। पशुशाला से कुछ दूरी पर वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। ग्राम फरीदनगर निवासी पवन सैनी की पशुशाला की ऊंची दीवार फांदकर गुलदार भीतर घुसा और बछड़े को खींचकर ले गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की। वन विभाग की टीम ने भी ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

## देवस्थल की भूमि में क़ब्र खोदने का आरोप

**नहटौर ( चिंगारी )।** देव स्थल की भूमि में कब्र बनाने का हिन्दू पक्ष द्वारा विरोध किया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस व राजस्व की टीम ने पैमाइश करते हुए कब्र को देव स्थल परिसर से हटाकर कब्रिस्तान में खुदवाई। वहीं, पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के 30 लोगों के विरुद्ध मुचलका पाबंद की कार्रवाई की है।

### हिंदू पक्ष ने किया विरोध, दोनों पक्षों के 30 व्यक्तियों को मुचलका किया

ग्राम बैरमपुर खजूरी निवासी रशीद पुत्र इस्माइल की मौत हो गई थी। मंगलवार को परिजनों ने भूमि खाता संख्या 63 में कब्र बना दी, जिसका गांव के हिंदुओं द्वारा विरोध किया गया। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। भूमि की पैमाइश की गयी। बताया जाता है कि कब्र खाता संख्या 63 जो देवस्थल है के परिसर में पाई गई। जिसे बंद कर खाता संख्या 61 में उपयुक्त स्थान पर कब्र खुदवाई गयी। पुलिस के प्रशासनिक अधिकारियों ने खाता संख्या 61 और 63 के बीच में बड़ी मेढ़ का निर्माण कराया, जिससे भविष्य में भूमि को लेकर कोई भ्रम की स्थिति पैदा न हो। पुलिस ने दोनों पक्षों के 30 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई कर दी है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गांव के दोनों पक्षों में पूरी तरह से शांति है। दोनों पक्षों के 30 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई है।

# आजाद के मुख्यमंत्री बनने पर होगा यूपी का सर्वांगीण विकास : जावेद खान

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** जिला पंचायत सदस्य एवं आसपा कार्यकर्ता जावेद अली खान ने कहा कि सांसद एडवोकेट चन्द्र शेखर आजाद के नेतृत्व में यदि जनता के सहयोग से उत्तर प्रदेश में आज़ाद समाज पार्टी की सरकार बनी तो प्रदेश भर में भरपूर विकास बग़ैर किसी भेदभाव के होगा व समस्या विहीन प्रदेश बनेगा।

ग्राम नीन्दडू स्थित एक बैंकट हाल में आयोजित कार्यकर्ताओं की सभा को सम्बोधित करते हुए जावेद अली खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुटे रहे तथा जनता के बीच सांसद चन्द्र शेखर आजाद द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि यदि जनता के सहयोग से सांसद चन्द्र शेखर





आज़ाद के नेतृत्व में आज़ाद समाज पार्टी की सरकार बनी, तो प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, किसानों के विकास, विधवा, वृद्धा, विकलांग आदि पेंशन का बग़ैर किसी भेदभाव के साथ लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 4 जून को सत्ता परिवर्तन यात्रा में अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल रहें। आलोक भारती, देशराज, संजय कुमार, विकास, नितिन, रियासत, शेरकोट के पप्पू कुरैशी, मौलाना आसिफ आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। आयोजन में इम्तियाज, दिलशाद सलमानी, शादाब, अनीस, आसिम का सहयोग रहा। संचालन मनोज कुमार ने व अध्यक्षता पप्पू कुरैशी ने की।

# पावर सेंटर बना गदरपुर में विधायक अरविंद पांडे का आवास

## भाजपा के कई बड़े नेता पहुंचे गदरपुर, बैठक हुई शुरू



**रुद्रपुर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती नजर आ रही हैं। खासकर गदरपुर विधानसभा क्षेत्र इन दिनों प्रदेश की राजनीति का केंद्र बना हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और गदरपुर विधायक अरविंद पांडे के आवास पर लगातार भाजपा के बड़े नेताओं की आवाजाही ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है, जिनसे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे है।

उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हैं, वहीं भाजपा के भीतर भी बैठकों और राजनीतिक समीकरणों का दौर शुरू होता दिखाई दे रहा है। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों हो रही राजनीतिक गतिविधियां इसी ओर इशारा कर रही हैं।

दरअसल, गदरपुर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के आवास पर पिछले कुछ दिनों से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। पौड़ी गढ़वाल से सांसद अनिल बलूनी उनके आवास पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में बातचीत हुई। हालांकि इस मुलाकात को लेकर किसी भी नेता की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

वहीं मंगलवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी अरविंद पांडे के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच लंबी मुलाकात हुई, जिसके बाद गदरपुर सहित पूरे प्रदेश में राजनीतिक चर्चाएं और तेज हो गईं।

### विवादों में घिरे रहे अरविंद पांडे

**विधायक अरविंद पांडे पिछले दो वर्षों में कई विवादों को लेकर चर्चा में रहे हैं। कभी जमीन विवाद, तो कभी भू-माफिया से जुड़े आरोपों के चलते उनका नाम सुर्खियों में रहा। इतना ही नहीं, उनके बेटे पर लगे आरोपों और आवास पर सरकारी जमीन कब्जाने के मामलों ने भी विपक्ष को भाजपा पर निशाना साधने का मौका दिया था। अब ऐसे समय में भाजपा के बड़े नेताओं का लगातार अरविंद पांडे के आवास पहुंचना कई राजनीतिक संकेत दे रहा है। हालांकि इन बैठकों के पीछे की असली वजह क्या है, यह आने वाले समय में ही साफ हो पाएगा।**

# एक पर था चाकू, दूसरा चल रहा था फ़रार, दोनों गिरफ्तार



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषिकेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद के थानों मे फरार, वारण्टी, नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार वारंटियो, फरार अभियुक्तों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त, वारण्टी रोहित साहनी पुत्र सुरेन्द्र साहनी निवासी त्रिवेणी कालोनी चन्देश्वर नगर ऋषिकेश को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. विनेश कुमार का विनित शामिल थे। इसके अतिरिक्त रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबिल सोहन सिंह व हिमांशु कुमार ने पुरानी रेलवे रोड से रामदयाल पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम बनकसिया पो. सुमेरपुर, थाना मोतीगंज, उ.प्र. को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

# तेल के दाम बढ़ रहे लगातार जनता पर बढ़ा महंगाई का भार

**उत्तराखंड विकास पार्टी ने जताया विरोध**

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड विकास पार्टी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार चौथी बार हुई बढ़ोत्तरी का विरोध किया है। कहा कि सरकार लगातार तेल के दामों को बढ़ाकर आमजन को परेशान कर रही है। यहां जारी एक बयान में पार्टी अध्यक्ष मुजीब नैथानी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में सुधार के बावजूद तेल की कीमतों में वृद्धि करना आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। कहा कि वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर लागू है। साथ ही ईरान द्वारा जहाजों की आवाजाही पर लगी रोक भी हटा दी गई है। ऐसे में अंतराष्ट्रीय स्तर पर तेल आपूर्ति को लेकर स्थिति सामान्य हो रही है, फिर भी केंद्र सरकार लगातार तेल की कीमतों में इजाफा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सरकार आपदा में अवसर तलाशने का काम कर रही है। कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के बीच है, तब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

# भुवनचंद खंडूड़ी के नाम पर रखा जाये जौलीग्रांट हवाई अड्डे का नाम

**पूर्व सैनिकों ने की पीएम-सीएम से मांग**

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने देहरादून के जौलीग्रांट स्थित हवाई अड्डे का नाम बदलकर प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के नाम पर रखने की मांग की है। इस संबंध में समिति की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए गए। ज्ञापन में कहा गया है कि युद्ध-नायक के नाम पर हवाई अड्डे का नाम रखना सैनिक सम्मान का प्रतीक होगा। कहा कि उन्होंने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री के अपने कार्यकाल के दौरान रहते स्वर्णिम चतुर्भुज योजना को गति दी और उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड की नींव रखी। वे ही लोकायुक्त एक्ट 2011 लाकर मुख्यमंत्री पद को भी लोकायुक्त के दायरे में लाए। अपनी पहाड़ केंद्रित सोच के चलते 2012 में गैरसैंण में विधानसभा भवन बनवाया और मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी सादगी भरा जीवन व्यतीत किया। कहा कि वे सियासी ईमानदारी और उत्तराखंड के स्वाभिमान के प्रतीक थे, और हवाई अड्डे का उनके नाम पर नामकरण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगा। ज्ञापनों में समिति ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में त्रिलोक सिंह, अनसूया प्रसाद सेमवाल, गोपाल सिंह नेगी, जीत सिंह, ठाकुर सिंह, गंभीर सिंह और मनमोहन सिंह आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

# चेक बाउंस मामले में अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार मनोज कुमार द्विवेदी की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी व्यक्ति को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। अधिवक्ता पूजा शर्मा एवं शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जयश्री स्टील के प्रोपराइटर लोक मणिपुर निवासी सतीश कुमार ने संदीप डोबरियाल निवासी दुर्गा कालोनी शिवपुर के खिलाफ धारा-138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत एक परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी हार्डवेयर की दुकान है। आरोपी उनकी दुकान से हार्डवेयर का सामान ले जाता था। आरोपी उनसे 2,10,000 रुपये का हार्डवेयर का सामान ले गया और इसके बदले 8 दिसंबर, 2022 को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा लालपुर स्थित अपने खाते का चेक इस आश्वासन के साथ दिया कि उक्त चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर भुगतान प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने इस चेक को भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोटद्वार स्थित अपने खाते में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया ।आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। नोटिस प्राप्ति के बाद भी आरोपी ने भुगतान नहीं किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्विवेदी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी संदीप डोबरियाल को संदेह का लाभ प्रदान कर दोषमुक्त कर दिया है।

# जीआईसी बल्ली में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 225 ने कराई जांच

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में उत्तराखंड फाउंडेशन एवं स्वस्थ हिमालय अभियान समिति द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों एवं क्षेत्रीय जनता सहित लगभग 225 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, खून की जांच, ईसीजी, हड्डी सम्बंधी जांच, मधुमेह, बीपी एवं दांत सम्बन्धी बीमारियों की जांच करने के साथ ही उन्हें नि:शुल्क औषधि वितरण भी किया गया। शिविर में डॉ. आशु अवस्थी एवं दंत चिकित्सक डॉ. समृद्धि नेगी के नेतृत्व में सभी जांचे संपन्न की गई। इस अवसर पर उत्तराखंड फाउंडेशन के संचालक प्रसन्न सिंह नेगी ने कहा कि फाउंडेशन स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रही है, जो भविष्य में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल, एस एम सी अध्यक्ष सुषमा रावत, ग्राम प्रधान रजनी देवी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com


# जिम बेचकर शहर छोड़ने को मजबूर 'मोहम्मद दीपक'

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के कोटद्वार में एक मुस्लिम दुकानदार के समर्थन में खड़े होने के बाद विवादों में आए 'मोहम्मद दीपक' के नाम से चर्चित जिम संचालक दीपक कुमार अब आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि लगातार मिल रही धमकियों और विवादों के कारण उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसकी वजह से अब उन्हें अपना जिम बेचकर शहर छोड़ने तक के बारे में सोचना पड़ रहा है.

## 4 महीने से जिम का किराया नहीं दे पाए दीपक

42 वर्षीय दीपक कुमार कोटद्वार में 'हल्क' नाम से जिम चलाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों से वह जिम का किराया नहीं चुका पाए हैं, जिसके बाद मकान मालिक ने उन्हें अंतिम चेतावनी दे दी है। दीपक का कहना है कि उन्हें यह नहीं पता कि मकान मालिक पर किसी बाहरी दबाव का असर है या नहीं, लेकिन मौजूदा हालात में जिम चलाना मुश्किल हो गया है। दीपक कुमार जनवरी में उस समय चर्चा में आए थे, जब उन्होंने एक मुस्लिम दुकानदार वकील अहमद के समर्थन में आवाज उठाई थी। दरअसल, 26 जनवरी को कुछ बजरंग दल कार्यकर्ता पटेल मार्ग स्थित 70 वर्षीय दुकानदार वकील अहमद की 'बाबा' नाम की कपड़ों की दुकान का नाम बदलने की मांग कर रहे थे, उसी दौरान दीपक ने विरोध जताते हुए खुद को 'मोहम्मद दीपक' बताया था। इसके बाद 31 जनवरी को मामला और बढ़ गया। बड़ी संख्या में लोग कपड़ों की दुकान और दीपक के जिम के बाहर जमा हो गए, सड़क जाम की गई और नारेबाजी हुई। इस मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। दीपक कुमार का कहना है कि उनके जिम में फिलहाल केवल 60 से 65 सदस्य ही बचे हैं, जबकि इससे जिम का खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने बताया कि जिम का मासिक किराया 40 हजार रुपये है। उनका कहना है कि गर्मी और विवादों के कारण नये सदस्य भी नहीं जुड़ रहे हैं।

दीपक ने आरोप लगाया कि भाजपा और बजरंग दल से जुड़े लोग उनके ग्राहकों को निशाना बना रहे हैं। उनके अनुसार, जिन जिम सदस्यों के परिवार भाजपा से जुड़े हैं, उनके घर जाकर जिम आने से मना किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान ने उनके कारोबार को पूरी तरह अस्थिर कर दिया है।


सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें


CT CHOUDHARY TRADERS
"Smooth Power, Zero Pollution"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231



सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423




Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



सभी जनपदवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476
